आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26
संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

वर्ष 59 अंक 166 | उज्जैन, बुधवार 01 जुलाई, 2026
आषाढ़ कृष्ण 1 संवत् 2083
पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ‘गंभीर’ पर नहीं ‘गंभीर’

करीब 5 दशक से धर्मनगरी का साथ निभाने वाली गंभीर अब बीमार हो चली है। उद्गम स्थल से लेकर पास के जिले में उसकी स्थिति हमारे यहां आने के दौरान गड़बड़ हो रही है। उससे हमारे यहां भी उसके हाल बुरे हो रहे हैं। धीरे-धीरे प्रदूषण भी उसे घेर रहा है और उसका पानी जैसा निर्मल कभी रहा है अब उसमें वो बात नहीं बची है जो कभी हुआ करती थी। जलकुंभी बता रही है कि पानी में धीमी ही गति से सही प्रदूषण की स्थिति बराबर बनी है। अपने उद्गम स्थल से चट्टानों एवं बेसाल्ट के बीच अपना सफर तय करने वाली गंभीर अतिक्रमण के साथ अन्यानेक बीमारी से उसके घर से ही ग्रसित हुई है लेकिन पिछले 5 दशक से उसने हमारा साथ नहीं छोड़ा है। बराबर वह साथ निभा रही है। वर्ष का एक बड़ा हिस्सा वह हमें पानी पिलाने में कोई कोताही नहीं करती है। ये बात अलग है कि 5 दशक से हम उसके सहारे रहे और अब जबकि हमारे पास अन्यानेक विकल्प की स्थिति बनी तो हमने उसके प्रति बेरूखी का रूख बना लिया है। चहुंओर उद्धार के दौर में हम उसे भूला रहे हैं उसके प्रति हमें प्रदूषण को रोकने और उसके नीर को संचय करने के लिए अन्यानेक उपाय किए जा सकते थे और उसके अंतिम छोर तक के सफर तक उसे बराबर महत्व दिया जा सकता था। ऐसा नहीं किया जा रहा है सिर्फ उसके उपयोग भर के मुद्दे तक ही हम सिमट गए हैं। अब हमारे पास विकल्प आ जाने पर हमने उसके अंदर पिछले 5 दशक में आई गाद और अन्य प्रदूषित स्थितियों को भी साफ करने के लिए कोई विचार नहीं किया और न ही कोई योजना ही बनाई है। हमने उसे धीरे-धीरे दरकिनार की स्थिति में लाने की मंशा को साफ कर दिया है। ये तो अच्छा है कि हमने उसके नीर के दौहन के लिए प्लांट वहां लगा रखा है अन्यथा नई व्यवस्था के अमल में आते ही हम उससे मुंह फेर लेते। पिछले दशकों में जब विकल्प की स्थिति नहीं थी तब हमने 3 महाआयोजनों में उसके नीर से ही स्नानों को संपन्न करवाया है। लालपुल के पास स्थित वॉल्व को खोलकर पानी तब्दील किया गया। आज भी उसकी क्षमता बढाई जाए तो वह अगले 3 महाआयोजनों तक साथ देने को तत्पर है। उसके अंदर मौसम के दौरान इतना नीर बह जाता है जितना हम संजो नहीं पाते हैं। खुसूर-फुसूर है कि गंभीर को लेकर पूरी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसके हर पहलू पर चिंतन किया जाना चाहिए कि कैसे इसके अधिकतम उपयोग को अमल में लाया जाए। उसके अंदर धीरे-धीरे समा रहे प्रदूषण को कैसे दूर किया जाए और उसके रखरखाव को कैसे अधिकतम उपयोगी बनाया जाए। पास के जिले में इसे लेकर योजना बनी है उस पर काम की शुरूआत भी हुई है। हमें भी ‘गंभीर’ पर गंभीर होना ही होगा और उसके नीर को बेहतर योजना के साथ अगले कई महाआयोजनों तक उपयोग के लिए संजोना होगा।





## न्यूज कॉलम

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की मालवा प्रांत की बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली की मालवा प्रांत की बैठक 26 जून को माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में प्रांत अध्यक्ष एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मालवा प्रांत के 13 से जिलो के 17 महिला सहित कुल 68 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। बैठक में राष्ट्रीय और क्षेत्रिय स्तर के प्रांत में निवासरत राजीव पण्ड्या, सुनीता जोशी, गीता नायक, राम सागर मिश्रा, ओम शर्मा का मार्गदर्शन मिला, बैठक में सुनील पंड्या, डॉ. हरीश व्यास, डॉ. नीरज सरवन, यशवंत गोयल पूरी बैठक का संचालन नवीन टीम के द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय शिक्षा दिवस प्रांत में 124 स्थानों पर 150 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। सभी विषयों के संयोजकों ने अपनी टोली और उसकी बैठकों का अंतराल तय किया। विषय अनुसार कार्यक्रम और गतिविधियों का वृत्त भी रखा गया। बड़वानी और झाबुआ में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए समविचारी संगठनों को साथ ले कर कार्य प्रारंभ किया गया, उसकी प्रस्तुति हुई। इस बैठक में संकल्प लिया गया कि उज्जैन में आगामी सितम्बर माह में शिक्षा से आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय कार्यक्रम जो आयोजित होगा। उस अवसर पर नगर के शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व दिए गए।

शहर में सड़कों की छोटी-मोटी मरम्मत का पैदा हुआ अभाव, आमजन की समस्या यथावत

# सिंहस्थ के काम पर ध्यान, छोटे-छोटे मरम्मत के काम रूके

**सिवरेज लाइन की खुदाई पर नहीं किसी का ध्यान, जिम्मेदार देखने को नहीं तैयार**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ एवं विभागीय काम में अटका नगर निगम का अमला शहर को नजरअंदाज कर रहा है। शहर में छोटी झमोटी टूटी सडकों का ही लंबें समय से संधारण नहीं किया जा रहा है।मरम्मत के अभाव में आम रहवासी को दुर्गति की स्थिति में ही ऐसे मार्गों से गुजरना पड रहा है। इसके साथ ही सविरेज लाईन की खुदाई के बाद मरम्मत पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कारण से संधारण के काम कमजोर हो रहे हैं और जमीन कई स्थानों पर धंस रही है।



### सिवरेज की मरम्मत कमजोर

शहर में सिवरेज के पाईप डालने के लिए खुदाई बदस्तुर जारी है। खुदाई के उपरांत संबंधित क्षेत्रों में गड्ढों की भराई का काम तो किया जा रहा है लेकिन उसकी पूर्ण गुणवत्ता न होने के कारण बाद में जमीन धंसने की समस्या बराबर अनेकों क्षेत्रों में सामने आ रही है। प्रेमछाया मार्ग पर भी यही हाल हैं तो अन्य क्षेत्रों में भी यही देखा जा रहा है। इसके कारण से दुर्घटना की स्थिति बराबर बन रही है। संबंधित संधारण की स्थिति एवं जमीन धंसने के कारण से वहां एक कृत्रिम नाली जैसा बन रहा है।

### उपयंत्रियों की नजरअंदाजी

सिवरेज लाईन डालने के बाद संधारण के कामों की गुणवत्ता देखने के लिए पूर्व निगमायुक्त ने क्षेत्रीय स्तर पर उपयंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी दी जिसके आदेश जारी किए गए थे। उसके बाद भी संबंधित उपयंत्री इस काम को नजरअंदाज कर रहे हैं। सिवरेज लाईन डालने के काम में जिम्मेदार एजेंसी निरंतर संधारण के काम को गुणवत्तापूर्ण अंजाम देने में उदासीनता बरत रही है। ऐसे में बराबर सडकों का नुकसान नगर निगम को उठाने की स्थिति बन रही है।

शहर में एक नहीं अनेक स्थानों पर सडकों के छोटे-छोटे संधारण के कामों को क्षेत्रीय स्तर पर नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके चलते छोटे-छोटे टूकडों में सडक पर बने गड्ढे आवागमन में परेशानी दे रहे हैं। माधवनगर अस्पताल के ठीक सामने से फ्रीगंज की ओर जा रही सडक पर चौराहे से मात्र 20 मीटर के दायरे में ही गड्ढे हो रहे हैं। उबड झ खाबड हो रही इस सडक पर छोटा सा मरम्मत का कार्य किए जाने से ही सडक बेहतर हो सकती है लेकिन इस और जोन कार्यालय की नजरअंदाजी है। इसी प्रकार से कंट्रोल रूम के पास में व्यस्ततम चौराहा से फ्रीगंज की और जाने वाली सडक पर भी यही हाल हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कई स्थानों पर छोटी-छोटी मरम्मत के कारण सडकों पर आवागमन दुरूह बना हुआ है।

नियमित कचरा उठाव नहीं होने से कई जगह फैल रही गंदगी

# सफाई व्यवस्था बेहाल, कहीं टूटे तो कहीं डस्टबिन ही गायब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। सार्वजनिक स्थलों और विभिन्न वार्डों में रखे गए डस्टबिन या तो कूड़े से पूरी तरह भर चुके हैं,या फिर टूट-फूट का शिकार हैं या फिर कई स्थानों से डस्टबिन गायब हो गए हैं। परिणामस्वरूप लोग मजबूरी में सड़क किनारे और खुले स्थानों पर कचरा फेंक रहे हैं, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दैनिक अवंतिका की पड़ताल में कई जगह डस्टबिन गायब दिखाई दिए। डस्टबिन नहीं होने से कचरा खुले में पड़ा मिला तो कहीं टूटे हुए डस्टबिन उपयोग के लायक ही नहीं बचे हैं। कई स्थानों पर रखे छोटे डस्टबिन जल्दी भर जाने से उनके आसपास भी गंदगी का अंबार लग गया है। सामुदायिक शौचालयों के बाहर भी पर्याप्त डस्टबिन नहीं होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



### कबाड़ बनते जा रहे डस्टबिन

शहर में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए लगाए गए हरे और नीले रंग के डस्टबिन अब बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। कई डस्टबिन टूट गए हैं, जबकि कई जगह उनका उपयोग ही नहीं हो रहा। कई जगह डस्टबिन लबालब भरे हुए हैं कई समय तक इनमें पड़ा गीला कचरा सड़ने से दुर्गंध फैल रही है और डस्टबिन स्वयं कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं।

### नियमित सफाई और कचरा उठाव नहीं

शहर में स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन नियमित सफाई और समय पर कचरा उठाव नहीं होने से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। कई सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन पूरी तरह भर जाने के बाद भी लंबे समय तक खाली नहीं किए जाते। वहीं कई क्षेत्रों में कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था ही नहीं है। इसके कारण लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हैं और गंदगी लगातार बढ़ रही है। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था और डस्टबिन की अव्यवस्था का असर स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग पर भी पड़ सकता है। यदि समय रहते टूटे और गायब डस्टबिन बदले नहीं गए तथा नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है।

## मांगों को लेकर आज ज्ञापन देंगे डिप्लोमा इंजीनियर्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन (नियमित एवं सेवानिवृत्त) के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर के डिप्लोमा इंजीनियर अपनी लंबित मांगों को लेकर 1 जुलाई 2026 को संभाग आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से डिप्लोमा इंजीनियरों के लिए प्रारंभिक ग्रेड पे निर्धारित करने तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने की मांग की जाएगी। संगठन के प्रांतीय महामंत्री इंजी. मनोज शर्मा ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर लंबे समय से वेतन संबंधी विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. राजीव गायकवाड एवं इंजी. आर.सी. वाजपेई (सेवानिवृत्त संगठन) ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियरों को अन्य कर्मचारियों की तरह 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए।

टेंट और अन्य अवरोध के कारण बनने से

## महाकाल मंदिर में शिखर दर्शन में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में नियमित बाबा महाकाल के दर्शन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिखर दर्शन भी करते हैं। इन दिनों मंदिर परिसर के आसपास की गई व्यवस्थाओं के कारण कई श्रद्धालुओं को शिखर दर्शन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि एक ओर से शिखर का दर्शन संभव हो रहा है, लेकिन दूसरी ओर लगाए गए टेंट और उसके गुंबद जैसी संरचनाएं शिखर के सामने आ जाने से दर्शन बाधित हो रहे हैं। इसके चलते श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से मंदिर के शिखर के दर्शन नहीं हो पा रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने प्रशासन और मंदिर प्रबंधन से मांग की है कि शिखर दर्शन के मार्ग और दृश्य को बाधित करने वाली अस्थायी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्त बिना किसी रुकावट के बाबा महाकाल के शिखर के दर्शन कर सकें।

हालांकि, मंदिर प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि आवश्यक हुआ तो व्यवस्थाओं में बदलाव कर श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की जा सकती है।

## देहदान-नेत्रदान के संकल्प के साथ सेवा निवृत हुए स्वामी मुस्कुराके



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां वीणापाणि सरस्वती की सुरभित वाटिका को शिक्षा, संस्कार, क्रीडा, समाज सेवा, काव्य, साहित्य, हास्य व्यंग्य, अनुशासन, कार्यक्रम संचालन से महकाने वाले राष्ट्रपति, राज्यपाल अलंकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके शैक्षणिक जगत की अनमोल धरोहर है। 39 वर्षीय शिक्षा के सेवा काल में बेदाग रहकर उज्जैन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। ऐसे बहुमुखी व्यक्तित्व समाज के लिए अनुकरणीय है।

उक्त उद्गार शालिग्राम तोमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुरा के सेवानिवृत्ति अवसर पर व्यक्त किये। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक ममता मिश्रा ने की। अभिनंदन समारोह के प्रति उत्तर में पंडित शैलेंद्र व्यास ने कहा कि शिक्षक का दायित्व शिक्षार्थी को केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं है वरन समाज के विभिन्न आयामो से शिक्षार्थी को तराशना भी है। मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मित्रवर डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर गीता भवन न्यास बड़नगर को नेत्रदान एवं आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज को देहदान करने का संकल्प लिया। नेत्रदान एवं देहदान करने का प्रमाणिक दस्तावेज भी प्राप्त किया। विशेष अतिथि हेमा व्यास थी। प्रियंका सोलंकी एवं मनीष गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अभिनंदन पत्र का वाचन भारती गोमे ने किया। समारोह के सूत्रधार वरिष्ठ शिक्षक श्री संजय अस्थाना थे। इस अवसर पर शिक्षक पुरुषोत्तम विष्णु ने कहा कि प्रधानाध्यापक शैलेंद्र व्यास ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, गरीब विद्यार्थियों को स्वेटर, कॉपियां, बैग्स आदि प्रदान करने में महत्व भूमिका निर्वहन की है। विद्यालय परिवार के चंद्रभान सिंह दोहरे, सीमा सिसोदिया, लता शिंदे, योगेश शर्मा, ए.के. मालवीय ने शाल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र भेंट किया। आभार राकेश जोशी ने व्यक्त किया।

## पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह ने पूर्व विधायक मोरवाल को साफा बांधकर किया सम्मानित







दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बड़नगर प्रवास के दौरान ऊँकार-लीला पैलेस में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारों और गाजे-बाजे के साथ अपने चहेते नेता की अगवानी की व पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत सूत की माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर किया। इसके साथ ही पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह ने पूर्व विधायक मोरवाल का साफा बांधकर सम्मान किया।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 01 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### पीटीआई के रिक्त पदों के लिए 6 जुलाई को होगा वॉक-इन इंटरव्यू

**इंदौर।** जिला अंतर्गत संचालित शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर, छोटी बेटमा में पीटीआई के रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाएगी।सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, इंदौर ने बताया कि पीटीआई पद के लिए अभ्यर्थी के पास डी.पी.एड/बी.पी.एड./एम.पी.एड. अथवा शारीरिक शिक्षा में स्नातक या समकक्ष योग्यता होना आवश्यक है। इसके साथ ही राष्ट्रीय खिलाड़ी, एथलेटिक्स, हैंडबॉल अथवा कुश्ती जैसे खेलों में ट्रैक एवं फील्ड का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को विशेष वरीयता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ 6 जुलाई को दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 215 में वॉक-इन इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं।

### छात्राओं को दिये हेलमेट, प्रदर्शनी का शुभारंभ कर किया अवलोकन

**इंदौर।** स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यप्रदेश ने सोमवार को हरित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ नीमच में 500 मेगावॉट क्षमता वाले नीमच सोलर पार्क तथा 450 मेगावॉट क्षमता वाले शाजापुर सोलर पार्क का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री जोशी ने 1,553.98 करोड़ रुपये की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं विकास कार्यों का भी भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### रेल पुलिस साइबर जागरूकता के लिए अस्पताल पहुंची

**उज्जैन।** जीआरपी थाने की टीम ने सोमवार को माधवनगर अस्पताल पहुंचकर यहां मौजूद स्टॉफ को साइबर जागरूकता संबंधी जानकारी दी। कैसे साइबर ठग इलाज के नाम पर भी मदद वाली एपीके फाइल भेज ठगी करते है बताया। बिना सोचे समझे सोशल मीडिया पर आई कोई भी लिंक पर क्लिक नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया। जीआरपी टीआई अमित भावसार ने बताया कि जीआरपी थाने की टीम स्टेशन से लेकर हर जगह साइबर अवेयरनेस को जा रही है।

### निगम भरेगा गड्ढे, नई तकनीक से किया पेचवर्क



**इंदौर।** पिछले साल इंदौर में बारिश के दौरान सड़कों पर हुए गड्ढों और उनसे हुए हादसों को लेकर नगर निगम इंदौरवासियों के निशाने पर रहा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को खुद मोर्चा संभालकर कहना पड़ा था कि जल्द ही शहर की सड़कों को गड्ढों से मुक्त किया जाएगा। इस साल बारिश शुरू होने से पहले ही नगर निगम ने नई तकनीक से सड़कों का पेचवर्क शुरू कर दिया है। शहर की डामर सड़कों की मरम्मत, गड्ढों के भराव और पेचवर्क कार्य को अधिक टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से विजय नगर चौराहे पर वॉटर-बेस्ड कोल्ड मिक्स डामर तकनीक को अपनाया गया। बारिश के मौसम में गर्म करके किए गए डामर से गड्ढों की मरम्मत नहीं हो पाती, क्योंकि इसके लिए सूखी सतह एवं गर्म मिश्रण की आवश्यकता होती है। वह पेचवर्क ज्यादा दिन नहीं टिकता। इसके विपरीत, वॉटर-बेस्ड कोल्ड मिक्स डामर को सीधे गीले या पानी से भरे गड्ढों में बिना गर्म किए और सतह को सुखाए बगैर उपयोग किया जा सकता है। इसका पानी से सक्रिय होने वाला विशेष बाइंडर नमी के संपर्क में आते ही तेजी से सख्त होकर मजबूत पकड़ बनाता है, जिससे मरम्मत अधिक टिकाऊ हो जाती है। इस तकनीक में विशेष रसायनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पेचवर्क अधिक समय तक टिक सके।

### 6 जुलाई को लगेगा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें जे.जे. इंडस्ट्रीज, उत्कर्ष स्माल फाइनेस बैंक सहित अन्य संस्थान शामिल रहेंगे। इन कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

### 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर कर सकेंगे आवेदन

**इंदौर।** श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के अंतर्गत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत संतानों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को पात्र विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा समय-सीमा में आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर एक जून से प्रारंभ हो चुके हैं।

---

मंडी में आवक घटने से आई तेजी

## उज्जैन में गेहूं 100 रुपए, आटा 50 रुपये महंगा

कृषि मंडी की आवक 25% से भी कम हो गई है, ऐसे में आटा निर्माण का गेहूं महंगे भाव से बिकने लगा

### किंग भोग आटा 30 किलो 870 रुपए हो गया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



3 मल्टीनेशनल कंपनियों को आटा निर्यात की अनुमति मिली है। ऐसे में भारी मात्रा में आटा निर्यात होगा। इसके लिए गेहूं की भारी खरीदी विभिन्न मंडियों से की जा रही है। ऐसी खबरों को ही देखकर गेहूं के भाव में चार दिन में 100 रुपए की तेजी आ गई। देखा जाए तो गेहूं 100 रुपए और आटा 50 रुपए महंगा हो गया।

कृषि मंडी की आवक 25% से भी कम हो गई है। ऐसे में आटा निर्माण का गेहूं महंगे भाव से बिकने लगा है। उज्जैन गेहूं मंडी के ब्रोकरेज संजय खंडेलवाल ने बताया आवक में कमी होने से भाव वृद्धि हो रही है। आटा डीलर हजारीलाल मालवीय ने बताया आटा 50 पैसे से 1 रुपए किलो भाव में बढ़ चुका है। पहले गीरखा आटा 2900 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था। अब 3000 प्रति क्विंटल हो गया। इसी प्रकार सृष्टि आटा 3100 रुपए क्विंटल जबकि लोकल आटा यूनिट का किंग भोग आटा 30 किलो 870 रुपए हो गया। इसमें भाव वृद्धि 10 रुपए की ही की गई है।

### भंडारे के दिन आने से एक माह तक आटा बिक्री में खासी वृद्धि हो जाएगी

मंगलवार से आषाढ़ मास लग गया है। गुरु पूर्णिमा, भैरव पूर्णिमा और भंडारे के दिन आने से एक माह तक आटा बिक्री में खासी वृद्धि हो जाएगी। किंग भोग आटा निर्माता महेंद्र सिंहल ने बताया यह भाव वृद्धि नहीं है। यह भाव का करेक्शन है। मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं 2500 से 2540 रुपए बिका। यह चार दिन पूर्व 2400 से 2440 रुपए बिक रहा था। इस प्रकार सौ रुपए की भाव वृद्धि हो चुकी है। इधर, मिल क्वालिटी गेहूं महंगा बिकने लगा। मिल क्वालिटी में 25 रुपए से अधिक की तेजी आई। इस समय गेहूं का बंपर सीजन चल रहा है। किसान रोज करीब 4 से 5 करोड़ रुपए का गेहूं मंडी में बेचने ला रहे हैं। खरीदारों के पास ऑर्डर का अभाव है। मंडी नीलामी में खरीदी धीमी बनी हुई है। समर्थन दाम की खरीदी में छोटे किसानों का गेहूं पहले लिया जा रहा है। मंडी में कमीशन पर बाहर के व्यापारियों की खरीदी हो रही है। मल्टी नेशनल कंपनियों ने गेहूं के खरीदी ऑफर 50 रुपए कम किए। ऑफर 2550 रुपए कर दिए। अन्य आटा मिल की खरीदी मंडी में जोरदार बनी हुई है। उज्जैन तरफ गेहूं के ऑर्डर नॉमिनल होने लगे हैं। मंडी सूत्रों के मुताबिक गेहूं की गाड़ी लोड होकर पहुंची। क्वालिटी डिफरेंट निकली। सौदे फेल होने लगे।

---

## रेलवे ट्रैक पर मिली कंचनपुरा के कॉन्ट्रैक्टर की लाश

आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मक्सी रोड रेलवे ट्रैक पर मंगलवार सुबह एक व्यक्ति ने ट्रेन के आते ही छलांग लगा दी। सिर पर लगी चोट से मौके पर मौत हो गई। आधार कार्ड मिलने पर मृतक की पहचान कंचनपुरा के रहने वाले कॉन्ट्रैक्टर के रूप में हुई।

पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे ट्रेन के सामने एक व्यक्ति के कूदने की खबर मिलने पर पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला मौके पर पहुंचे। उक्त व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जांच में घटनास्थल चिमनगंज थाना क्षेत्र का होना सामने आया। चिमनगंज थाना एएसआई शिवशंकर सकवार पहुंचे। लोगों की भीड़ जमा हो गई थी पूछताछ में पता चला कि काफी देर से रेलवे ट्रैक के आसपास घूम रहा था। ट्रेन के आते ही छलांग लगा दी थी। पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किया लेकिन भीड़ में किसी में भी शिनाख्त नहीं की।एएसआई सकवार ने कपड़ों की तलाशी ली तो आधार कार्ड मिला। जिस पर राजकुमार पिता पूरालाल चौहान 42/2 कंचनपुरा गली नंबर 6 मक्सी रोड उज्जैन अंकित था। परिजनों को सूचना दी गई दो पुत्र घटना स्थल पहुंचे जिन्होंने पिता के रूप में पहचान करते हुए बताया कि सुबह 7 बजे घर से निकले थे।

दोनों पुत्रों ने घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की और पिता द्वारा उठाए गए कदम से अंजान होना बताया। पुलिस बॉडी अस्पताल लेकर आई मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि मृतक राजकुमार चौहान कॉन्ट्रैक्टर था। एएसआई सकवार के अनुसार परिजनों के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं किए गए हैं।

---

गैस पाइपलाइन हादसा आज पेश हो सकती है जांच रिपोर्ट आखिर जिम्मेदार कौन?

## स्थान किसके कहने पर तय हुआ–अधिकारी या किसी और के निर्देश पर?

### आज कई सवालों से उठ सकता है पर्दा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



शहर के बहुचर्चित गैस पाइपलाइन हादसे की जांच रिपोर्ट बुधवार को नगर निगम की जांच समिति द्वारा पेश किए जाने की संभावना है।

पूरे शहर की निगाहें इस रिपोर्ट पर टिकी हैं, क्योंकि इससे यह स्पष्ट हो सकता है कि हादसे के पीछे आखिर किस स्तर पर चूक हुई और जिम्मेदारी किसकी बनती है।

सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सबसे बड़ा सवाल वाटर रिचार्जिंग के लिए चुने गए स्थान को लेकर सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह स्थान पहले से तय वाटर रिचार्जिंग स्थलों में शामिल नहीं था, बल्कि बाद में इसका चयन किया गया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह स्थान किसके कहने पर तय किया गया? क्या यह निर्णय किसी अधिकारी ने लिया, किसी पार्षद की अनुशंसा पर हुआ या फिर किसी अन्य स्तर से इसकी स्वीकृति दी गई?

सूत्रों का यह भी कहना है कि जिस स्थान पर वाटर रिचार्जिंग का कार्य कराया जा रहा था, वह तकनीकी दृष्टि से संवेदनशील माना जा सकता है। यह मुख्य मार्ग पर स्थित है, आसपास ड्रेनेज लाइन की समस्या भी बताई जा रही है और इसी क्षेत्र के निकट से अवंतिका गैस लिमिटेड की गैस पाइपलाइन भी गुजरती है।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इन परिस्थितियों के बावजूद यहां वाटर रिचार्जिंग का कार्य कराने का निर्णय किस आधार पर लिया गया और किस स्तर पर इसकी अनुमति दी गई। जांच के दायरे में ठेकेदार की भूमिका भी बताई जा रही है। यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या कार्य शुरू करने से पहले संबंधित विभागों से आवश्यक जानकारी और सुरक्षा संबंधी अनुमति ली गई थी? यदि गैस पाइपलाइन की जानकारी थी तो आवश्यक सावधानी क्यों नहीं बरती गई, और यदि जानकारी नहीं थी तो इसकी जिम्मेदारी किसकी मानी जाएगी?

### किसी पक्ष की क्या भूमिका रही

अब पूरे शहर की निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट पर हैं। माना जा रहा है कि रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो सकता है कि इस पूरे मामले में अधिकारी, संबंधित कर्मचारी, ठेकेदार अथवा अन्य किसी पक्ष की क्या भूमिका रही और जिम्मेदारी किस स्तर पर तय की गई है। आज पेश होने वाली रिपोर्ट से इन सभी सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है। यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के नाम उजागर होने के साथ उनके विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश भी की जा सकती है।

---

## वंदे भारत एक्सप्रेस में मिलेगी सांची की बायोमैजिक दही

इन्दौर-नागपुर रूट पर आपूर्ति शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित सहकारी ब्रांड सांची के दुग्ध उत्पाद अब वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी उपलब्ध होंगे। इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ (मर्या.) ने आज से इन्दौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सांची की बायोमैजिक दही की आपूर्ति प्रारंभ कर दी है। यह उत्पाद वृंदावन फूड प्रोडक्ट के माध्यम से ट्रेन में यात्रियों को परोसा जाएगा। संघ के अनुसार यह पहल केवल एक ट्रेन तक सीमित नहीं रहेगी। राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख यात्री ट्रेनों में भी सांची उत्पादों की आपूर्ति हेतु रेल प्रशासन के साथ बातचीत जारी है। सांची मध्य प्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों से सीधे दूध खरीदकर उत्पाद तैयार करता है। वर्तमान में प्रदेश के सभी सहकारी दुग्ध संघों का प्रबंधन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के हाथों में है। इस अवसर पर इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विशाल मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि विपणन क्षेत्र में संघ के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

---

कांग्रेस की अंदरुनी खींचतान एक बार फिर सामने आई

## नेता प्रतिपक्ष के पदभार ग्रहण में पहुंचे सिर्फ 4 पार्षद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोमवार को हुए नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस की अंदरुनी खींचतान एक बार फिर सामने आ गई। नगर निगम परिसर में हुए इस कार्यक्रम में मिमरोट और चिंटू चौकसे सहित सिर्फ चार पार्षद शामिल हुए, जबकि नगर निगम में कांग्रेस के 16 पार्षद हैं।

बताया जा रहा है कि मिमरोट की नेता प्रतिपक्ष के रूप में हुई नियुक्ति को लेकर पार्टी में विरोध है। कार्यक्रम से दूर रहे पार्टी के पार्षदों का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम करने की प्रक्रिया में उनसे सुझाव या नाम तक नहीं लिए गए। प्रदेशाध्यक्ष के हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया, पार्टी के पार्षदों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पदभार ग्रहण कार्यक्रम सोमवार दोपहर हुआ। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के अलावा महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े, राजेश चौकसे, राजू भदौरिया आदि मौजूद थे। पदभार संभालने के बाद नेता प्रतिपक्ष मिमरोट ने कहा कि शहर की जनता बदहाल सड़कें और जलसंकट से त्रस्त है। हम जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से सदन में उठाएंगे। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के भाई बादशाह मिमरोट को सोमवार को एसीपी कोर्ट से जमानत मिल गई है। आरोपित बादशाह को पंढरीनाथ पुलिस ने रविवार देर रात गिरफ्तार किया था।

सोमवार को ही सोनिला ने पदभार ग्रहण किया है।



### सुविधाघर में नहीं थी साफ-सफाई निगमायुक्त ने लगाई फटकार

इधर निगमायुक्त क्षितिज सिंघल सोमवार सुबह मेघदूत उपवन पहुंचे। उन्होंने यहां वषार्काल के दौरान किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारी की समीक्षा की। उपवन परिसर में विकसित ब्रिक्स वाटिका के रखरखाव की जानकारी ली। निगमायुक्त ने उद्यान परिसर में पौधारोपण के लिए निर्धारित स्थानों पर गड्ढे खोदने तथा पौधों के संरक्षण के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेघदूत उपवन स्थित सार्वजनिक शौचालय में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर संबंधित दारोगा को फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान में सिंचाई के लिए उपयोग किए जा रहे उपचारित पानी की व्यवस्था की जानकारी भी ली। निगमायुक्त इसके पश्चात नरवल क्षेत्र स्थित ग्रीन बेल्ट को देखने पहुंचे। यहां पौधारोपण के लिए खोदे गए गड्ढों और लगाए जाने वाले पौधों की प्रजातियों, उनकी संख्या एवं रखरखाव की कार्ययोजना की जानकारी ली। निगमायुक्त ने एडवांस एके-डमी से निपानिया तक निमार्णाधीन मास्टर प्लान सड़क का निरीक्षण भी किया। सड़क निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसी को कार्य में और अधिक तेजी लाने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

---

## नए चेहरों की तलाश, समीकरण भी होंगे तय

चुनावी मोड में भाजपा 85 वार्डों में बदले जाएंगे अध्यक्ष

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एक चुनाव खत्म होते ही अगले चुनाव की तैयारियों में जुट जाने वाली भारतीय जनता पार्टी ने अब संगठन को बूथ और वार्ड स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नगर संगठन शहर के सभी 85 वार्डों में नए वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया में जुट गया है।

मंडल स्तर से सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम मंगाए जा रहे हैं और जुलाई में नई सूची जारी होने की संभावना है। यह बदलाव केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले कई वर्षों से अधिकांश वार्ड अध्यक्ष एक ही पद पर बने हुए हैं।

इनमें से कई अध्यक्षों को क्षेत्रीय विधायक या पार्षद का करीबी माना जाता रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस बार वार्ड अध्यक्षों के चयन में संगठन की पसंद चलेगी या फिर क्षेत्रीय विधायकों की सिफारिश प्रभावी रहेगी।

भाजपा लगातार यह दावा करती रही है कि संगठन और सत्ता अलग-अलग हैं तथा नियुक्तियां सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं के आधार पर होती हैं। हालांकि, हर नियुक्ति के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राय भी अहम मानी जाती रही है। यही कारण है कि कई वार्डों में अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर विधायक और पार्षदों का प्रभाव चर्चा का विषय रहा है।

---

सफाई मित्रों के लिए इंदौर नगर निगम की बड़ी पहल

## इलाज के लिए मिलेगी ढाई लाख तक की सहायता

### अति गंभीर दुर्घटना में इलाज के लिए 2.50 लाख रु. तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों के लिए इंदौर नगर निगम ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने घोषणा की है कि ड्यूटी के दौरान दुर्घटना का शिकार होने वाले सफाई मित्रों और ड्रेनेज-सीवरेज सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को अब इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

योजना के तहत दुर्घटना की गंभीरता के आधार पर 25 हजार रुपये से लेकर 2.50 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी।

पिछले कुछ समय में इंदौर में सफाई कार्य के दौरान कई कर्मचारी हादसों का शिकार हुए हैं। ड्रेनेज और सीवरेज लाइन की सफाई के दौरान कर्मचारियों के घायल होने, गैस रिसाव जैसी घटनाओं तथा सड़क और नाले की सफाई के दौरान दुर्घटनाओं ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिंता बढ़ाई थी। ऐसे मामलों में इलाज का खर्च कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता था।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए नगर निगम ने यह राहतकारी योजना लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि जरूरत के समय सफाई मित्रों को तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके।

### दुर्घटना की गंभीरता के अनुसार मिलेगी सहायता

नई व्यवस्था के तहत सामान्य दुर्घटना होने पर उपचार के लिए 25 हजार रु. तक की सहायता मिलेगी।

गंभीर दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर1 लाख रु. तक की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### सभी सफाई मित्रों को मिलेगा लाभ

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह योजना केवल स्थायी कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगी। दैनिक वेतनभोगी, विनियमित और स्थायी सभी सफाई मित्रों को इसका लाभ मिलेगा। दुर्घटना की सूचना या प्रारंभिक प्रमाण मिलने के बाद सहायता राशि मंजूर की जा सकेगी, जिससे कर्मचारियों को इलाज के लिए तत्काल राहत मिल सके। महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले इन कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना नगर निगम की जिम्मेदारी है। यह योजना उनके और उनके परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक संबल प्रदान करेगी।

---

## मेनका गांधी के विवादित बयान पर जैन समाज का कानूनी एक्शन, नोटिस भेजा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा दिगंबर जैन संतों पर लगाए गए आरोपों को लेकर जैन समाज ने कड़ा रुख अपनाया है। मेनका गांधी पर आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच से कहा कि जैन संत मोरो की हत्या कर उसके पंखों से पिच्छी बनाते हैं। जैन समाज के वरिष्ठ समाज पदाधिकारिय डॉ जैनेन्द्र जैन,मंयक जैन राजेश जैन दद्दू टीके वेद हंसमुख गांधी आनंद नवीन गोधा एवं महिला परिषद् की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन ने इसे असत्य, निराधार, भ्रामक और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताते हुए अधिवक्ता के माध्यम से रजिस्टर्ड कानूनी नोटिस भेजा है। दद्दू ने बताया कि मंयक जैन ने बताया कि नोटिस में कहा गया है कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः है। दिगंबर मुनि जिस पिच्छी का प्रयोग करते हैं वह प्राकृतिक रूप से गिरे मोर पंखों से बनती है। किसी जीव की हत्या जैन धर्म में पूर्णतः निषिद्ध है।

## याशि ने 8 वर्ष की अल्पायु में जीता राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिताब

**सनावद।** नगर की 8 वर्षीय प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी याशि भूमरकर ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। याशि ने मध्यप्रदेश स्टेट मिनी जूनियर एवं सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूनामेंट-2026 में पहली बार भाग लेते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया और निमाड़ क्षेत्र का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता 21 से 27 जून तक गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल, राऊ (इंदौर) में आयोजित की गई थी। पूरे टूनामेंट के दौरान याशि ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। याशि के पिता लोकेश भूमरकर मप्रपक्षेविविक सनावद और बड़वाह में सहायक यंत्री के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। याशि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। याशि की उपलब्धि पर सनावद बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष सीजी प्रकोल्य, संजय पाटीदार, आशीष मित्तल, अर्जुनसिंह डावर, रामगोविंद बेन, नवनीत जैन,प्रकाश चौहान ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जोबट छात्रावास में नहीं चलेगी सिफारिश, योग्यता से होगा चयन

**जोबट।** विधायक सेना महेश पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि आदिवासी अंचल के छात्रों की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि छात्रावास गरीब और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के लिए शिक्षा का एक मजबूत आधार हैं, इसलिए प्रवेश प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान, विधायक सेना महेश पटेल ने विभागीय अधिकारियों और सभी छात्रावास अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित आवास, समय पर अध्ययन की सुविधा और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। विधायक सेना महेश पटेल ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी छात्रावास से बच्चों की सुरक्षा, भोजन, स्वच्छता या अन्य व्यवस्थाओं को लेकर शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी और अधीक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, 'छात्रावास केवल भवन नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों और भविष्य को संवारने का केंद्र हैं। किसी भी बच्चे के भविष्य के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' उपस्थित अभिभावकों ने भी पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया की सराहना की। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवेश के बाद भी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जाए और छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आदिवासी अंचल के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

## बुरहानपुर में 8 हजार किसानों को 100 करोड़ का नुकसान

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में 29, 30 मई और 1 जून को आई प्राकृतिक आपदा से लगभग 8,000 किसानों की केला फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन के सर्वे में 8,300 हेक्टेयर फसल प्रभावित पाई गई है और नुकसान का अनुमान करीब 100 करोड़ रुपये लगाया गया है। प्रदेश के जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि सर्वे पूरा हो चुका है और प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाएगा। जिले में 29, 30 मई और 1 जून को आई प्राकृतिक आपदा के कारण बड़े पैमाने पर केला फसल प्रभावित हुई। जिला प्रशासन के सर्वे के अनुसार करीब 8,300 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी केला फसल को नुकसान पहुंचा है। इससे जिले के लगभग 8,000 किसान प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने फसल क्षति का अनुमान करीब 100 करोड़ रुपये लगाया है।

## स्टाफ की कमी से बंद पड़े आरोग्य मंदिर और क्लिनिक अब सक्रिय होंगे

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 16 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। ये डॉक्टर जिला अस्पताल के साथ-साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और संजीवनी क्लिनिकों में अपनी सेवाएं देंगे। लंबे समय से स्टाफ की कमी के कारण ये भवन अनुपयोगी पड़े थे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। सोमवार को आठ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य विभाग में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। ये सभी मंगलवार से विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यभार संभालेंगे। इस नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हो रही परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एल.डी.एस. फुंकवाल ने बताया कि पहले चरण में बुरहानपुर जिला अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए 16 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। ये नव नियुक्त डॉक्टर जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सेवाएं देंगे। इनमें शाहपुर, निंबोला, तुकईथड़, खकनार, देड़तलाई, जिला अस्पताल, सिरपुर और धूलकोट शामिल हैं। जिला अस्पताल को एक मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी मिला है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर मीना ने आमजनों की समस्याएं सुनी

**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है तथा प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## जनभागीदारी एवं जागरूकता को मिलेगा बढ़ावा

**धार।** संपूर्ण मध्य प्रदेश में 29 जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक सहकारी सप्ताह का गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर सहकारिता की भावना को सुदृढ़ करना तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। इस दौरान राष्ट्रीय, राज्य, जिला, विकासखंड तथा प्राथमिक सहकारी समितियों के स्तर पर सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने, सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तथा आमजन की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम अन्तर्गत कृषि विपणन सम्मेलन के अंतर्गत विपणन समितियां, पैक्स एवं एफपीओ का संयुक्त संवाद तथा सहकारी से समृद्धि की परिकल्पना में कृषि विपणन अभियान का आयोजन, तथा क्यूआर कोड आधारित विशेष वसूली अभियान का क्रियान्वयन, सहकारिता में निवेश की संभावनाओं तथा वर्तमान उपलब्धियां एवं सहकारी बीज व्यवसाय में संबंधी गतिविधि का आयोजन एवं श्रमिक समितियों की भूमिका पर संगोष्ठी तथा मत्स्य उत्पादन एवं विपणन विषयक प्रदर्शनिया, वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम किया जायेगा।

### जनप्रतिनिधियों और समाज के हर वर्ग ने किया समर्थन

# खरगोन को मिले निमाड़ संभाग का मुख्यालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

निमाड़ संभाग के मुख्यालय को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी सनावद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष इंजी. सोहन यादव ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि खरगोन जिले को प्रस्तावित निमाड़ संभाग का मुख्यालय घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जिले की मांग नहीं, बल्कि पूरे निमाड़ क्षेत्र के संतुलित विकास, बेहतर प्रशासन और आमजन की सुविधाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

इस मांग को क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, गजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सचिन बिरला, राजकुमार मेव, आत्माराम पटेल, चंदर सिंह वास्कले सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इंजी. सोहन यादव ने कहा कि खरगोन निमाड़ अंचल का केंद्र बिंदु होने के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टि से सबसे उपयुक्त स्थान है। यहां से पूरे क्षेत्र का प्रशासनिक संचालन सरल, सुगम और प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। सड़क संपर्क, शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, व्यापार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से उपलब्ध हैं, जिससे संभागीय मुख्यालय के रूप में खरगोन पूरी तरह सक्षम और उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि खरगोन जिला शांति, सौहार्द और कौमी एकता की मिसाल रहा है। यहां सभी धर्मों और समाजों के लोग वर्षों से आपसी भाईचारे के साथ रहते आए हैं, जो जिले की सबसे बड़ी पहचान है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी खरगोन का विशेष महत्व है। मां नर्मदा का पावन तट, प्रसिद्ध नवग्रह मंदिर, संत सियाराम बाबा की तपोभूमि, नागलवाड़ी का भिलट देव मंदिर, प्राचीन हिरई माता मंदिर, मोती बाबा धाम तथा पूणानंद बाबा जैसे प्रमुख आस्था केंद्र देशभर से श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। वहीं निमाड़ी संस्कृति और दाल-बाटी-चूरमा जैसे पारंपरिक व्यंजन जिले की पहचान को और समृद्ध बनाते हैं।

व्यापार के क्षेत्र में जिले के बेड़िया की एशिया प्रसिद्ध मिर्ची मंडी तथा महेश्वर की विश्वविख्यात माहेश्वरी साड़ियां खरगोन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी टांट्या मामा विश्वविद्यालय, अभ्युदय विश्वविद्यालय, अनेक महाविद्यालय और बड़े कोचिंग संस्थान इसे एक उभरते हुए शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। इंजी. सोहन यादव ने कहा कि यदि निमाड़ संभाग का मुख्यालय खरगोन को बनाया जाता है तो प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, आम नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा पूरे निमाड़ क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने प्रदेश सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए खरगोन को निमाड़ संभाग का मुख्यालय घोषित करने की मांग की और कहा कि यह निर्णय निमाड़ के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

## ट्रांसफार्मर के नीचे करंट लगने से गौ माता की मौत

### आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग का घेराव किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

वार्ड क्रमांक-16 स्थित इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर इरीगेशन कॉलोनी जाने वाले रास्ते में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे करंट लगने से एक गौ माता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और मृत गौ माता को ठेले पर रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक राव मराठा ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर के पास खुले और असुरक्षित विद्युत तारों के कारण यह हादसा हुआ है और इसके लिए विभाग की लापरवाही जिम्मेदार है।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा उर्फ लाली ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नगरवासी लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती और मेंटेनेंस के नाम पर हो रही परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा, ₹सुबह 11 बजे तक आप यहां से रवाना हो जाइए, बहुत हो चुका।

नगरवासियों का कहना है कि मेंटेनेंस के बावजूद थोड़ी सी हवा और आंधी में भी घंटों बिजली गुल हो जाती है, जिससे विभाग के रखरखाव कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और शहर की विद्युत सुरक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

## मंत्री बोले-देश के शीर्ष जिलों में रहेगा खंडवा

**खंडवा।** खंडवा में प्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन मंगलवार को किशोर कुमार सभागार में हुआ। समापन समारोह में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कहा कि जल संरक्षण में खंडवा ने जो मॉडल तैयार किया है, उससे इस बार भी जिले के देश के अग्रणी जिलों में शामिल होने की पूरी उम्मीद है। मंत्री विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर काम हुआ है। लाखों जल संरचनाओं के निर्माण से भू-जल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जल संरक्षण के क्षेत्र में खंडवा देश में पहले स्थान पर रहा था।

# अमरनाथ यात्रियों का किया स्वागत, पुष्पमालाएं पहनाई, रेनकोट किट भेंट कर दी शुभकामनाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



आलीराजपुर से आज अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। पहले जत्थे में 7 यात्री रवाना हुवे। इस दौरान अमरनाथ यात्रियों के लिए एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने श्रद्धालुओं का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

पटेल ने यात्रियों को रेनकोट किट भी भेंट की। यह भेंट कठिन पर्वतीय यात्रा और मौसम की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। समारोह स्थल पर ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जयघोष गूंज उठे। महेश पटेल ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा आस्था, विश्वास, धैर्य और सेवा का संगम है। उन्होंने बाबा बर्फानी से सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। पटेल ने प्रदेश और देश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की।

महेश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि समाज और धर्म की सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने श्रद्धालुओं का सम्मान करने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने में सहयोग देने को अपना कर्तव्य बताया। उन्होंने यह भी बताया कि इसी सेवा भावना के साथ यह स्वागत कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु उत्साह और विश्वास के साथ अपनी यात्रा शुरू कर सकें।

## समर्थन मूल्य पर उर्पाजन 1 जुलाई से 10 अगस्त तक किया जायेगा

**धार।** जिले में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उर्पाजन दिनांक 01 जुलाई 2026 से 10 अगस्त 2026 तक किया जाना है। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने बताया कि शासन द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग विक्रय किये जाने हेतु 408 किसानों द्वारा कुल 865 हेक्टर क्षेत्र हेतु पंजीयन करवाया गया हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग का उपार्जन किये जाने हेतु तहसीलवार पंजीक्रत कृषकों, रकबे एवं आसपास की तहसीलों के पंजीकृत कृषकों को दृष्टिगत रखते हुये उपार्जन केन्द्र बहु उद्देशीय प्रा. कृषि शाख सह. समिति मर्या. देवला में रिक्त भण्डारण क्षमता में.टन 604.00 गोदाम केन्द्र स्थापित किया गया है।

# भारत वर्षीय दिगंबर जैन युवा महासभा जिला खरगोन की नई कार्यकारिणी घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

भारत वर्षीय दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री विकेश मेहता द्वारा आज खरगोन जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

इस संबंध में महासभा के प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि महासभा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में घोषित इस कार्यकारिणी में समाज के युवा एवं वरिष्ठ जनों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें जिला अध्यक्ष पारस कासलीवाल भीकनगाँव , जिला महा मंत्री आशीष जैन लोनारा को मनोनीत किया। गया साथ ही नई कार्यकारिणी से जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संरक्षक अशोक जैन झांझरी, मनीष जैन पांड्या,पंकज जैन जटाले, देवेंद्र जैन कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद जैन,अविनाश जैन उपाध्यक्ष कमलेश जैन मंडलोई,ऋषभ जैन बड़जात्या मीडिया प्रवक्ता सन्मति जैन काका सनावद,सचिन जैन संगठन मंत्री परिमल जैन,जवाहर जैन,सौरभ जैन,विजय जैन सह मंत्री निलेश जैन,राहुल जैन,कपिल जैन,निलेश जैन एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधि अतुल जैन प्रदेश प्रतिनिधि प्रवीण जैन को मनोनीत किया गया। सचिन जैन ने बताया की मध्यप्रदेश में अनेक शहरों और जिलों में कार्यकारणी कां गठन हो रहा है। साथ ही युवाओ को समुचित अवसर प्रदान किया जा रहा है। साथ अलग अलग क्षेत्र के युवाओं को पदाधिकारी बनाकर जैन समाज के एकता के लिए साधु संतों की सेवा के लिए एवं जैन समाज की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। दि .जैन युवा महासभा द्वारा पूरे देश में 600 जिलों ओर जैन बाहुल्य कस्बों में कार्यकारणीयो का गठन किया जा रहा है। इस नवीन कार्यकारणी के गठन पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन, सुधीर चौधरी, कुसुम कुमार काका, सोनू जैन, मुकेश जैन, लोकेंद्र जैन,आशीष चौधरी, सुरेश चंद पांड्या,राजेश जैन, सुनील जैन, कैलाश चंद जटाले,दि जैन महा सभा जिला महिला अध्यक्ष उर्मिला जैन, नपा उपाध्यक्ष नैना मनीष चौधरी, आचार्य वर्धमान सागर युवा संघ, बहु मंडल, महासमिति, महिला मंडलों सहित बेड़ियाँ , खरगौन, लोनारा, बालसमुद, भीकनगाँव, कसरावद, महेश्वर, बबलाई, मंडलेश्वर, धरगाँव, खामखेडा, पीपलगोन समाज के सभी बंधुओं ने नव-गठित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### पेंशन न मिलने, अवैध मछली पकड़ने और भड़काऊ बयान पर कार्रवाई की मांग

# जन सुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचीं कई शिकायतें

दैनिक अवन्तिका ▸▸



बुरहानपुर में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। लोगों ने अधिकारियों के सामने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें रखीं। इस दौरान कुछ मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों को जांच और कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

जनसुनवाई में ग्राम खातला से छह से अधिक बुजुर्ग महिलाएं अपनी पेंशन की समस्या लेकर पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पिछले दो साल से पेंशन नहीं मिली है। इस संबंध में वे कई बार पंचायत के चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। महिलाओं ने अधिकारियों से हस्तक्षेप कर जल्द पेंशन शुरू कराने की मांग की। अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जनसुनवाई में ताप्ती सेवा समिति ने ताप्ती नदी के राजघाट पर अवैध रूप से मछली पकड़ने का मुद्दा उठाया। समिति की अध्यक्ष सरिता भगत ने बताया कि राजघाट से प्रतिदिन अवैध तरीके से मछलियां पकड़ी जा रही हैं। समिति ने इस पर रोक लगाने के लिए नियमित पुलिस गश्त शुरू करने और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की, ताकि अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

जनसुनवाई के दौरान एआईएमआईएम के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नाजिया खान द्वारा हाल ही में दिए गए एक बयान की निंदा की गई। जिला संयोजक अधिवक्ता सोहेल हाशमी ने आरोप लगाया कि नाजिया खान ने धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला बयान दिया है।

## जन्म प्रमाण-पत्र में देरी पर तीन पंचायत सचिवों पर जुर्माना

**खंडवा।** जन्म प्रमाण-पत्र समय सीमा में जारी नहीं करना खालवा विकासखंड के तीन पंचायत सचिवों को भारी पड़ गया। लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 के तहत निर्धारित अवधि में सेवा उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर ने मंगलवार को तीनों पंचायत सचिवों पर अर्थदंड लगाया है। यह कार्रवाई उन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ की गई है जिन्होंने आवेदकों को समय पर जन्म प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 के तहत नागरिकों को चिन्हित सेवाएं तय समय-सीमा में उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि संबंधित अधिकारी या कर्मचारी निर्धारित अवधि में सेवा देने में विफल रहता है तो उसके विरुद्ध आर्थिक दंड की कार्रवाई का प्रावधान है। नियमों के अनुसार देरी होने पर 250 रुपए प्रतिदिन की दर से जुमार्ना लगाया जाता है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं तय समय में उपलब्ध कराना है। सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिनियम के तहत मिलने वाली सेवाओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## खंडवा में दो गांवों में गिरी बिजली, दो की मौत

**खंडवा।** खंडवा जिले में सोमवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया। मूंदी क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक ही दिन में हुई इन दोनों घटनाओं से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना शाम करीब 4 बजे ग्राम देवला माफी में हुई। यहां 42 वर्षीय किसान रघुवीर पिता छगनलाल अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। हादसे में वे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद ग्रामीण तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी लेकर पहुंचे, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## विशेष कोचिंग योजना के अंतर्गत शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर संचालित उत्कृष्ट छात्रावासों में निवासरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा विशेष कोचिंग योजना संचालित है। उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग दिये जाने के इच्छुक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से आवेदन 01 जुलाई 2026 तक आमंत्रित किये गये है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी श्रीमती रंजना सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में संचालित अनुसूचित जनजाति के जिला स्तर पर 2 एवं विकासखण्ड स्तर पर 12 उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग योजना का संचालन किया जाना है। कोचिंग का संचालन छात्रावासों में ही प्रातः 8 से 10 बजे तक तथा सायंकाल 7.30 से 9.30 बजे तक किया जायेगा। इस हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर अनुसार मानदेय प्रदाय किया जायेगा। कोचिंग योजना में योग्य एवं विषय विशेषज्ञों का चयन जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय शासकीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास बड़वानी हेतु एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास पाटी, शासकीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास सेंधवा, शासकीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास निवाली, शासकीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास पानसेमल हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

## आवारा मवेशियों के खिलाफ नगर पालिका का विशेष अभियान

**बड़वानी।** नगर को आवारा मवेशियों से मुक्त बनाने तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका बड़वानी द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया। नगर पालिका की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण कर रहे मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया। नगर में आवारा मवेशियों के कारण आए दिन यातायात बाधित होने, दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने तथा नागरिकों को असुविधा होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका द्वारा यह विशेष अभियान संचालित किया गया। शहर में आवारा मवेशियों की समस्या के निराकरण हेतु लगातार अभियान जारी रहेगा। पशुपालकों को भी समझाइश दी जा रही है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा उनकी समुचित देखरेख सुनिश्चित करें। यदि कोई पशुपालक अपने पशुओं को सड़क पर छोड़ता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है।

## हाकी खेल हेतु बालिका टैलेंट सर्च का हुआ आयोजन

**बड़वानी।** हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल मध्य प्रदेश शासन द्वारा टैलेंट सर्च 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम फेस में 30 जून को कॉलेज हॉकी ग्राउंड बड़वानी पर बालिका टैलेंट सर्च का आयोजन किया गया । जिसमें 18 वर्ष तक की बालिकाओं का चयन किया गया। चयन ट्रायल जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री संतरा निनामा खेल एवं युवा कल्याण विभाग बड़वानी एवं सुश्री आकांक्षा परमार कोच राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### पुलिसकर्मियों के बच्चों ने सीखा मानसिक-बौद्धिक क्षमता बढ़ाना



**उज्जैन।** पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और विशेष महानिदेशक प्रशिक्षण रवि गुप्ता के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय ब्राइटर माइंड्स कोर्स शिविर को आयोजन किया गया था। जिसमें पुलिस परिवार के 5 से 15 वर्षीय 11 बच्चों ने भाग लिया। आरक्षक बहादूर देवडा द्वारा बच्चों को सर्किल टाइम, की टू सक्सेस, ब्रेन एक्सरसाइज, सुपर मेमोरी, इल्यूजन, आई एक्सरसाइज, ब्रीदिंग एक्सरसाइज, हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन, ब्लाइंड फोल्ड एक्सरसाइज में बॉल, बकेट, ग्लास का कलर पहचाना, कार्ड पर छपे अंक को पहचानना, अल्फा वर्ड बुक में छपी आकृति को पहचानना और डायरी लेखन सिखाया गया। ब्राइटर माइंड्स कोर्स से बच्चों को अनुशासन, मोबाइल से दूर रहना, भोजन में क्या और क्या नहीं खाना, सुबह उठना स्वास्थ्य के लिए क्यों जरूरी है के बारे में बताया गया। कोर्स का उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना था। जिससे बच्चों में एकाग्रता आती है। 10 दिनों तक चले शिविर के समापन अवसर पर पीटीएस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा समापन उद्बोधन में ब्राइटर माइंड्स की विभिन्न विधियों को बच्चों के दैनिक जीवन में शामिल करना और दिशा लर्निंग सेंटर में रोजाना अभ्यास करने की बात कहीं। उपपुलिस अधीक्षक शैलजा भदौरिया द्वारा बच्चों को शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के तरीके बताए। शिविर में शामिल बच्चों को पुलिस अधीक्षक द्वारा उपचार के साथ प्रमाण पत्र सौंपे। कार्यक्रम में उपपुलिस अधीक्षक एनके मालवीय, निरीक्षक नीतिन अमलवाद मौजूद रहे।

### शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**उज्जैन।** पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान में मंगलवार को महाकाल और चिंतामण थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, माधवगंज के साथ जवासिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों को लेकर जागरूक किया। चिंतामण थाना क्षेत्र के विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसके माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि फर्जी कॉल, मैसेज, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैकिंग धोखाधडी, ओटीपी किसी के साथ साझा ना करे। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराये। जागरूकता और सर्तकता ही साइबर धोखाधडी से बचाव का सबसे बडा हथियार है। पूरे जिले में पुलिस लगातार विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजिक स्थानों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जानकारी दे रही है।

### छत से गिरे युवक की चार दिन बाद मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम कमलानेहरू नगर में रहने वाला मोहित पिता राजू मरमट 22 साल शुक्रवार शाम को छत से गिर गया था। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। जहां से निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चार दिन चले उपचार के बाद मंगलवार को मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और मृतक का शव चरक अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा था कि मोहित के माता-पिता का निधन हो चुका है, वह दादी के साथ रहता था, एक माह पहले मौसी की मौत हुई थी। मोहित नशा करने लगा था। घटनाक्रम के समय वह छत की सफाई करने चढ़ा था। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बयान और जांच के बाद घटना की वजह सामने आ पायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 226-0 | | 880-6 |
| मेन बाजार | 337-3 | | 178-6 |
| कल्याण नाइट | 466-6 | | 117-9 |
| मिलन डे | 557-7 | | 669-1 |
| मिलन नाइट | 135-9 | | 225-2 |
| मधुर डे | 122-5 | | 168-5 |
| मधुर नाइट | 122-5 | | 168-5 |
| शुभांक | 2 | 4 | 6 |

मोबाईल से शिकार के विडियो मिले...

# सियार मारकर खाने वाला आरोपी पकड़ाया, पिता फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जंगली जीव सियार का शिकार कर उसे खाने वाले युवक को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। उसका पिता फरार हो गया है। वन विभाग ने जांच के दौरान आरोपी के मोबाईल से शिकार के विडियो भी बरामद किए है। युवक ने शिकार के उपरांत सियार का मांस खाने की स्वीकारोक्ति की है।

वन विभाग के एसडीओ विक्रमसिंह सोलंकी के अनुसार सोमवार को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मिथुन पिता राजू 21 वर्ष निवासी तिलकेश्वर कालोनी को सर्चिंग के दौरान पकडा था। उसके मोबाईल की जांच किए जाने पर



उसमें सियार के शिकार के विडियो मिलने पर वन विभाग को सूचित किया गया था। पुलिस की सूचना पर वन विभाग के दल ने थाना जाकर युवक से जानकारी ली थी जिसमें सामने आया कि वह लंबे समय से सियार का शिकार कर उसका मांस खा रहा है। वन विभाग ने आरोपी के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम1972 की धारा 9,39,50,51 में प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई।

उसने अपने सहयोगी के रूप में उसके पिता राजू के साथ शिकार करता है। मोबाईल में मौजूद विडियो 23 मई का सामने आया जिसमें वह ग्राम चंदावल थाना चिंतामन के जंगल में जमीन की खोह से सियार को टांग पकड कर खिंचता हुआ और जमीन पर पटक कर मारता दिखाई दे रहा है। बकौल एसडीओ सोलंकी आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसने तीनों सियार को मारकर उनका मांस खाया है। दुसरे आरोपी राजू के पकड में आने के बाद स्पष्ट होगा कि मांस खाने के लिए ही उन्होंने शिकार किया था कि तंत्र-मंत्र में उपयोग के लिए सियार सिंगी के लिए यह शिकार किया गया था। आरोपी मिथून को मंगलवार को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश करने पर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# दिनदहाड़े पारदी गिरोह की युवतियों ने चुराई बेटरी

## इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में वारदात, 2 को न्यायालय किया पेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में मंगलवार दिनदहाडे गाडी की बेटरी चोरी का मामला कैमरे में कैद हुआ। जिसमें 3 युवतियों के साथ एक युवक दिखाई दिया। कैंपस में रहने वालों की मदद से पुलिस ने 2 को हिरासत में लिया। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में दिनदहाडे बैटरी चोरी करने आई युवतियों को पक?ने की सूचना मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। 2 युवतियों को थाने लाया गया। वहीं कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये। जिसमें 3 युवतियां और एक नाबालिग दिखाई दिया। बेटरी चोरी के बाद वह लेकर भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कैंपस में रहने वालों ने देख लिया। तीन युवतियां बेटरी कैंपस गेट पर छोड भाग निकली थी। जिनका पीछा कर पकड गया। थाना प्रभारी के अनुसार पकडी गई युवतियों में एक छाया पति सरीसनासिंह और काजल पिता राजेन्द्र 18 साल निवासी ईमली बाजार उज्जैन है। तीसरी नाबालिग थी। युवक भी नाबालिग




था, जो पहले ही भाग निकला था। चारों पारदी समाज के होना सामने आये है। मामले में बेटरी मिलने पर किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई। जिसके चलते छाया और काजल के खिलाफ प्रतिबंधातमक धारा 170 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। घटनाक्रम को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज कर्मशाला निदेशक महेन्द्रसिंह भाटी ने बताया कि कैंपस में जायलो गाडी खडी थी। युवतियों ने कैंपस में 12 बजे लगभग प्रवेश किया। कुछ देर आसपास नजर रखी, कैंपस में लगे कैमरे देख मुंह छुपाने का प्रयास किया। महेन्द्रसिंह भाटी का कहना था कि पूर्व में बेटरी चोरी हो चुकी है। उस वक्त चोरी करने वालों का पता नहीं चला था।

# बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## दुर्घटना में जीजा की मौत, साला हुआ घायल

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर मंगलवार दोपहर बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। मृतक और घायल जीजा-साला होना सामने आये है।

चिंतामण गणेश थाना प्रधान आरक्षक जयप्रकाश पांडे ने बताया कि उज्जैन-बड़नगर मार्ग पर दोपहर में दुर्घटना होने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल चंदूखेड़ी सोयाबीन प्लांट के सामने पहुंची तो पता चला कि बाइक सवार 2 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि एक की मौत चुकी है। दूसरा गंभीर घायल है, जिससे जानकारी लेने पर उसका नाम जीवन पिता गंगाराम 35 साल निवासी ग्राम नलवा बताया गया। वहीं मृतक बनेसिंह पिता गणपत चौधरी 45 साल निवासी देवगड बडनगर पता चला।

परिजन खबर मिलने पर चरक अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि जीवन साला और बनेसिंह जीजा है। दोनों बाइक से उज्जैन आये थे और वापस नलवा आ रहे थे। प्रधान आरक्षक पांडे के अनुसार घटनास्थल पर स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना कैसे हुई है और किस वाहन ने टक्कर मारी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जायेगें। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक का बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# रात में तीन थाना क्षेत्र में चाकूबाजी, 4 युवक घायल



**उज्जैन।** सोमवार-मंगलवार के बीच तीन थाना क्षेत्र में चाकूबाजी के मामले सामने आये। घटना में 2 भाईयों के साथ 4 युवक घायल हुये है। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किये है।

पहला मामला भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के चौराहा का है। चरक अस्पताल में भर्ती अजय पिता पर्वतलाल सूर्यवंशी 24 साल निवासी श्रीराम कालोनी भैरवगढ़ ने बताया कि वह मजदूरी करता है, सोमवार रात में पैदल घर लौट रहा था। तभी बाइक से कुणाल 2 दोस्तों के साथ आया और तेज हार्न बजाने लगा। हार्न बजाने से मना किया तो तीनों ने झगडा करते हुये चाकू मार दिया। दूसरी चाकूबाजी की घटना चिमनगंज थाना क्षेत्र के यादव नगर गली नम्बर 4 में हुई। अस्पताल में भर्ती सोहेल पिता बरकत खान 26 साल और उसके भाई शाहिद खान 20 साल ने बताया कि रात में भैरवगढ़ शादी में गये थे। वहन के साथ लौटते समय यादव कालोनी में ही शाहरूख, लाला और उसके साथियों ने रास्ता रोक चाकू मारे। उनसे पुराना विवाद चल रहा है। तीसरा मामला जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के हरिनगर का है। हर्ष पिता दिलीप पुरोहित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसे भुवन ने चाकू मारा है। उसके द्वारा बहन के बारे में गलत बात की जा रही थी। उसे मना किया तो साथियों के साथ मिलकर चाकू मारा और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस की लगातार सर्चिंग और चैकिंग के बाद भी बदमाश प्रवृति के लोग चाकू लेकर घूम रहे है। चाकूबाजी करने वालों में पुलिस का खौफ दिखाई नहीं दे रहा है।

# उत्तरप्रदेश के बदमाश ने चुराया था 1.30 लाख का मोबाइल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में चार्जिंग पर लगा 1.30 लाख कीमत का मोबाइल चोरी करने वाला बदमाश उत्तरप्रदेश का होना सामने आया है। जीआरपी ने उसे तकनीकी साक्ष्य के आधार पर हिरासत में लिया तो उसके पास से चोरी के चार अन्य मोबाइल भी बरामद हो गये।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 28 जून को मालवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पृथ्वी सोनार निवासी नंदुरबार (महाराष्ट्र) ने ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेन के एसी कोच में यात्रा कर रहा था, उसने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। विक्रमनगर स्टेशन के आसपास सैमसंग गैलेक्सी एस-25 अल्ट्रा मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये है, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। शिकायत पर मामले में जांच शुरू की गई और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने का काम शुरू किया गया। वहीं देवास, इंदौर और उज्जैन स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। तकनीकी मदद से मोबाइल चोरी



करने वाले धर्मेंद्र पिता श्याम बिहारी 19 साल निवासी सुभाष नगर ग्राम गोहाण्ड थाना जरिया जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश को एक दिन की तलाश के बाद हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से पृथ्वी सोनार का मोबाइल बरामद किया गया। वहीं चार अन्य मोबाइल भी जप्त किये गये, जो चोरी के होना सामने आये है। चारों मोबाइल के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। उत्तरप्रदेश का बदमाश अंतर्राज्यीय स्तर ट्रेनों में वारदात करता था। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# निगम टीम और मवेशी पालकों में मारपीट हुई

**उज्जैन।** दूधतलाई में मंगलवार को नगर निगम टीम और मवेशी पालकों के बीच झगडा हो गया। मवेशी पालकों ने निगम टीम से मारपीट की। निगम टीम ने भी बचाव में लात-घूंसे चलाये। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की टीम मवेशी पकडने दूधतलाई आई थी। उसी दौरान मवेशी पालक रोहित, गोविंद और अतुल ने मवेशी पकडने का विरोध किया और मारपीट शुरू कर दी। निगमकर्मी सनी पिता जितेन्द्र गौसर निवासी दमदमा को चोंट आई। उसे बचने के लिये टीम के अन्य साथियों ने भी बीच-बचाव में लात-घूंसे चला दिये। मामला थाने पहुंचने पर सनी की शिकायत पर मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं रोहित पिता नाना यादव निवासी नलियाबाखल ने सनी, सोनू, गगन और अभिषेक के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कराया।

# क्षिप्रा आरती द्वार पर पुजारी-महिला के बीच विवाद

## मारपीट का सामने आया वीडियो, केस दर्ज

**उज्जैन।** रामघाट पर क्षिप्रा आरती के दौरान पुजारी और महिला के बीच विवाद का वीडियो सामने आया है। पुजारी द्वारा आरती दीपक से मारपीट की गई। महिला को बचाने आई बेटी को भी मारा गया। मामले में महाकाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

क्षिप्रा नदी रामघाट चौकी के सामने आरती द्वार पर हुई मारपीट 28 जून की शाम की है। जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। वीडियो में 2 पुजारी और उनका एक साथी 2 महिला और एक युवती से मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। पुजारी द्वारा आरती दीपक से मारपीट की जा रही थी। वीडियो



सामने आने पर महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष से शिकायत दर्ज कर जांच की जा रही है। एक पक्ष से उमा पति सुरेश यादव 20 साल निवासी तिलकेश्वर कालोनी और दूसरे पक्ष से विकास पिता शशिकांत शर्मा बिलोटीपुरा दानीगेट फरियादी है। उमा यादव का कहना था कि वह रामघाट पर मम्मी ममता पति आसाराम परमार के साथ दीपक बेचने का काम करती है। आरती के दौरान मम्मी के साथ दीपक बेच रही थी उसी दौरान पंडित गणेश गुरू ने दीपक बेचने से मना किया और मारपीट शुरू कर दी। मम्मी और क्षिप्रा मराठा बीच बचाव करने आई तो गणेश गुरू के साथी विकास शर्मा और एक अन्य आ गये। तीनों ने आरती दीपक से मारपीट कर गाली गलौच की। वहीं विकास शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि भाई गणेश शर्मा के साथ पंडिताई करता हूं। दीपक, हार-फूल बेचने वाली महिलाएं आ गई थी। मना किया तो गाली-गलौच करने लगी और थप्पड मुक्कों से मारपीट की।

# मैनेजर-संचालक की लापरवाही से हुई थी कर्मचारी की मौत

**उज्जैन।** 60 दिन पहले तीन बत्ती चौराहा के पास होटल द समसारा में करंट लगने से कर्मचारी गोपाल मीणा निवासी गावडापारा उदयपुर राजस्थान की मौत हो गई थी। वहीं आशीष राणा, करण मीणा को भी करंट लगा था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले मे मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। 60 दिनों की जांच में सामने आया कि 29-30 अप्रैल की रात 1.53 बजे होटल के किचन में पानी के पाइप से सफाई कराई जा रही थी। फर्श पूरी तरह से गीला था, फ्रिज, फ्रीजर, माइक्रोवेव, पिज्जा ओवन और अन्य विद्युत उपकरण चालू थे। जिसके चलते किचन में करंट फैला था और गोपाल मीणा की



मौत हो गई थी। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देख। इस दौरान पता चला कि किचन मैनेजर/शेफ आनंद की देखरेख में सफाई कराई जा रही थी। उसके द्वारा विद्युत सप्लाय को बंद नहीं किया गया था। होटल संचालक राहुल लालवानी द्वारा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराये गये थे। मैनेजर और संचालक दोनों की लापरवाही से कर्मचारी की मौत हुई थी और 2 घायल हुये थे। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(1) का अपराध दर्ज किया गया है।

# अंतर्विरोधों से भरा जीवन



हममें अंतर्विरोध क्यों है? दरअसल, हमने कुछ किया है और हम नहीं चाहते कि दूसरे लोग उसे जानें; हमने कुछ सोचा है और वह उस स्तर का नहीं है, जिस स्तर का उसे होना चाहिए। यह हमें अंतर्विरोध की हालत में ले आता है और यह हमें पसंद नहीं है। जहां अनुरूपता की कोशिश है, वहां भय होगा ही और यह भय ही है, जो अंतर्विरोध पैदा करता है। यदि कुछ बनना नहीं है, कुछ और हो जाने की चेष्टा नहीं है, तब भय का कोई एहसास नहीं है, वहां कोई अंतर्विरोध नहीं है। हमारी जिंदगी मिजाज और दिखावे की कहानी है। हम अपने मिजाज, अपनी मनोदशा के मुताबिक दिखावा किया करते हैं, जो अंतर्विरोध है। जब वह मिजाज गायब हो जाता है, तब हम जैसे थे, वैसे हो जाते हैं। तो समझने की बात यह है कि जब तक यह अंतर्विरोध है, तब तक एक सतही जीवन है। इसलिए अंतर्विरोध की जो समस्या है, उसकी गहराई में जाएं। यह बहुत ही मुश्किल काम है, क्योंकि हम संवेदन, उत्तेजना पर अत्यधिक निर्भर हैं और इसीलिए हमारा अधिकांश जीवन अंतर्विरोधों से भरा है। हम स्मृतियों, सम्मतियों पर निर्भर हैं, हमारे अनेक भय हैं, जिन्हें हम छिपाए रखना चाहते हैं। इन सबसे हमारे अपने भीतर अंतर्विरोध निर्मित होता है; जब यह अंतर्विरोध बर्दाश्त के बाहर हो जाता है, तब हम अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं। हम चाहते शांति हैं, लेकिन जो कुछ भी हम करते हैं, वह युद्ध पैदा करता है, परिवार में ही नहीं, बल्कि बाहरी दुनिया में भी। द्वंद्व का कारण क्या है, इसे समझने के बजाय, हम इस कोशिश में लगे रहते हैं कि हम यह बन जाएं, वह बन जाएं। इस तरह हम दरार को और बढ़ा दिया करते हैं। क्या यह समझ पाना संभव है कि हमारे भीतर अंतर्विरोध क्यों है, न केवल सतही रूप से, बल्कि गहरे मानसिक रूप से भी? सबसे पहली बात, क्या हमें इसका एहसास है कि हम एक अंतर्विरोधी जीवन जी रहे हैं? हम शांति चाहते हैं, पर राष्ट्रवादी हैं; हम सामाजिक दुर्दशा को दूर करना चाहते हैं, फिर भी हममें से हर कोई व्यक्तिवादी है, संकुचित और अपने में घिरा हुआ है। हम निरंतर अंतर्विरोध में जी रहे हैं। क्यों? क्या इसलिए नहीं कि हम संवेदन के, उत्तेजना के दास हैं? इस बात को स्वीकार करने या नकारने की जरूरत नहीं है। इसके लिए संवेदन के निहितार्थों को, जो कि इच्छाएं ही हैं, भली-भांति समझने की आवश्यकता है।

हम कई सारी चीजें चाहते हैं, जो एक-दूसरे के प्रतिकूल होती हैं, परंतु जिसका कोई विपरीत हो, वह सत्य नहीं है। जब मैं कहता हूं, ह्यमैं आपसे प्रेम करता हूंह्ण, तब इसके साथ ईर्ष्या, डाह, चिंता, भय भी जारी रहते हैं, जो अंतर्विरोध है। इसी को समझना बहुत जरूरी है।



सम्पादकीय

## चढ़ावे की चिंता

राम मंदिर चढ़ावे में चोरी का मामला गरमाता जा रहा है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, नए तथ्य सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद बार एसोसिएशन ने अदालत में आरोपियों का मुकदमा न लड़ने का फैसला किया है। इतना ही नहीं, फैजाबाद के वकीलों में इतनी नाराजगी है कि बार एसोसिएशन ने फैसला किया है कि आरोपियों का मुकदमा लड़ने वाले किसी भी सदस्य वकील पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। चढ़ावा चोरी को लेकर नाराज वकीलों की संस्था ने और भी मांगें रखी हैं और सड़क पर उतरने की चेतावनी भी दी है। आलोचना के घेरे में आए चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के लिए आगे के दिन आसान नहीं होंगे। एसआईटी जांच आगे बढ़ रही है, पर बार एसोसिएशन इस लड़ाई को अपनी ओर से भी आगे बढ़ाना चाहता है। वह धारा 156(3) के तहत अदालत में याचिका दायर करके चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ मामला दर्ज करने और सीबीआई जांच की मांग करेगा।

गौर करने की बात है, मंदिर के चढ़ावे में 7 से 7.5 करोड़ रुपये की चोरी की शिकायत से विवाद शुरू हुआ था। अब आरोप लग रहे हैं कि 70 किलो चांदी, सैकड़ों राम शिला और 200 करोड़ रुपये नकदी की चोरी हुई है। हालांकि, राम मंदिर ट्रस्ट या मंदिर निकाय अभी भी बचाव की कोशिशों में लगा है। विडंबना ही है, एक ओर, दावा किया गया है कि भक्तों द्वारा दिया गया दान सुरक्षित है और उसका हिसाब रखा गया है। दूसरी ओर, मंदिर निकाय ने बताया है कि वह पिछले कुछ दिनों में श्री राम मंदिर (अयोध्या) में सामने आई घटनाओं से स्तब्ध, आहत और बेहद दुखी है। मंदिर में ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए मंदिर ट्रस्ट या मंदिर निकाय को अब हर संभव प्रयास करने पड़ेंगे। लोगों के मन में जो संदेह उत्पन्न हुए हैं, उन्हें दूर करने के लिए सबसे पहले मंदिर निकाय को ही सजग होना पड़ेगा। ऐसी योजना बनानी पड़ेगी, ऐसे कदम उठाने पड़ेंगे, ताकि मंदिर के चढ़ावे में सोलह आना पारदर्शिता सुनिश्चित हो जाए। रामजी का मंदिर रामभाव से ओतप्रोत होना चाहिए। यह मंदिर दुनिया भर के सनातनियों की आस्था का प्रतीक है, यहां असावधानी या किसी अनियमितता की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। यहां की हर व्यवस्था देश के दूसरे मंदिरों के लिए आदर्श होनी चाहिए। राम के प्रति आस्था रखने वाले लोग यही चाहेंगे कि क्षति तो हो चुकी है, किंतु आगे कोई क्षति न हो।

राजनीति का चक्रव्यूह भेदने वाले

# यशस्वी प्रधानमंत्री के विश्वसनीय सलाहकार अमित शाह

भारतीय राजनीति में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका मूल्यांकन केवल उनके पदों से नहीं,



सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

बल्कि उनके निर्णयों, संगठन निर्माण की क्षमता से किया जाता है। मेरे सार्वजनिक जीवन के छह दशकों में मुझे अनेक प्रधानमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं के साथ निकटता से काम करने का अवसर मिला है।

जब मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, तदोपरांत पहली बार दिल्ली स्थित अमित शाह के निवास पर मुझे मिलने का अवसर मिला। यह मेरे लिए अत्यंत सुखद और आश्चर्यजनक अनुभव था। हमारी पहली औपचारिक मुलाकात से पहले ही उन्हें मेरे सार्वजनिक जीवन, कांग्रेस संगठन में मेरी भूमिका, संसदीय अनुभव और राजनीतिक यात्रा की विस्तृत जानकारी ले रखी थी। मुझे स्पष्ट हो गया कि वे किसी व्यक्ति से मिलने से पहले उसकी पूरी जानकारी करते हैं। यह उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है–तैयारी, तथ्य, अध्ययन और सूक्ष्म विश्लेषण। मेरे लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक कुशल प्रशासकों और रणनीतिकारों को देखा है, लेकिन अमित शाह जैसा लौहपुरुष गृह मंत्री और राजनीतिक रणनीतिकार बिरले ही होते हैं । वे केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं देते, बल्कि उनकी दिशा और संभावनाओं आँकलन कर संगठन और सरकार–दोनों को उसी अनुरूप तैयार करते हैं।

सन 2014 का लोकसभा चुनाव भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़ था। उस समय वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सामने परिवर्तन, विकास और नए विश्वास का चेहरा थे, लेकिन उस जनसमर्थन को बूथ स्तर तक संगठित कर ऐतिहासिक जनादेश में परिवर्तित करने वाले प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह थे। उत्तर प्रदेश में उनके मार्गदर्शन में भाजपा ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की और उसी विजय ने केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि यह केवल चुनावी लहर



नहीं थी, बल्कि सुदृढ़ संगठन, सूक्ष्म प्रबंधन और देवतुल्य कार्यकर्ता-आधारित राजनीति का परिणाम था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में श्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी को केवल एक राजनीतिक दल नहीं रहने दिया, बल्कि उसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान, पन्ना प्रमुख जैसी अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक पहुँचाया। आज भाजपा का देश के लगभग प्रत्येक राज्य में संगठनात्मक आधार दिखाई देता है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निरंतर विस्तार की दिशा में आगे बढ़ा है।

अमित शाह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल चुनाव जीतने की रणनीति नहीं बनाते, बल्कि भारत के राजनीतिक भूगोल को बदलने की दीर्घकालिक योजना पर काम करते हैं। महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, उत्तर-पूर्व, ओडिशा और अन्य राज्यों में भाजपा तथा एनडीए का विस्तार इसी सोच का परिणाम माना जा सकता है। राज्यसभा में भाजपा और एनडीए की लगातार मजबूत होती स्थिति भी श्री शाह की दूरगामी सुनियोजित राजनीतिक रणनीति का परिणाम है। दक्षिण भारत, जिसे कभी भाजपा के लिए सबसे कठिन क्षेत्र माना जाता था, आज वहाँ भी पार्टी लगातार अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। यदि उनके सार्वजनिक जीवन की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख किया जाए, तो अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने का निर्णय स्वतंत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निर्णयों में गिना जाएगा। दशकों से लंबित विषय पर जिस दृढ़ता और स्पष्टता के साथ श्री शाह के द्वारा जो निर्णय लिया गया, उसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी। राष्ट्रीय एकीकरण के प्रश्न पर यह निर्णय लंबे समय तक चर्चा और अध्ययन का विषय रहेगा। इसी प्रकार तीन तलाक के विरुद्ध कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम , राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाए गए कदम, नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति तथा पूर्वोत्तर भारत में अनेक शांति समझौतों ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में उनकी कार्यशैली को अलग पहचान दी।

कोविड-19 जैसी अभूतपूर्व वैश्विक महामारी के दौरान भी गृह मंत्रालय के स्तर पर राज्यों के साथ समन्वय, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आवश्यक सेवाओं की निर्बाध व्यवस्था और संकट प्रबंधन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### राजनीति के चाणक्य हैं- अमित शाह

देश की सबसे बड़ी चुनौती नक्सलवाद को अमित शाह ने खत्म कर दिया। लोकसभा या राज्यसभा की व्यूहरचना हो, अमित शाह हमेशा फ्लोर मैनेजमेंट में मास्टर साबित हुए और दोनों सदन में उनकी तर्कपूर्ण आक्रामकता रही। आने वाले सदन के सत्र में अमित शाह की रणनीति सफल साबित होगी। यदि अमित शाह की राजनीतिक यात्रा का सबसे प्रेरक अध्याय चुनना हो, तो मैं पश्चिम बंगाल का उल्लेख अवश्य करूँगा। एक समय ऐसा था जब वहाँ भाजपा का जनाधार अत्यंत सीमित था। 2017 के आसपास जिस संगठनात्मक बीजारोपण की शुरूआत हुई, 2021 में भाजपा राज्य की प्रमुख विपक्षी शक्ति बनकर उभरी और अंततः 2026 में ऐतिहासिक जनादेश के साथ सरकार बनाने में सफल हुई। भारतीय राजनीति में ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं जहाँ किसी दल ने इतने कम समय में इतनी बड़ी संगठनात्मक छलांग लगाई हो। आज अनेक राजनीतिक विश्लेषक अमित शाह को समकालीन राजनीति का 'राजनीतिक चाणक्य' कहते हैं। लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि जटिल राजनीतिक परिस्थितियों को अवसर में बदलने, संगठन को निरंतर गतिशील बनाए रखने और चुनौतीपूर्ण राज्यों में पार्टी का विस्तार करने की उनकी क्षमता उन्हें विशिष्ट बनाती है। भाजपा और एनडीए के भीतर शाह को प्रधानमंत्री का सबसे विश्वसनीय संकटमोचक के रूप में देखा जाता है। मेरे व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर मैं यह कह सकता हूँ कि अमित शाह की सबसे बड़ी शक्ति उनकी स्मरण क्षमता, अध्ययनशीलता, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता और निर्णय लेने की क्षमता है। मेरे अनुभव में अमित शाह उन बिरले नेताओं में से एक हैं जिन्होंने संगठन, चुनावी रणनीति, शासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक विस्तार–इन सभी क्षेत्रों में अपनी गहरी छाप छोड़ी है। यही किसी भी सफल राजनीतिक रणनीतिकार की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

## अंतिम दवा

शहर के उस आखिरी छोर पर बनी भूरी इमारत के बाहर कोई चमकीला साइनबोर्ड नहीं था। वहाँ केवल एक धुंधला सा शीशा टंगा था जिस पर लिखा था कि यहाँ खोई हुई चीजों का इलाज होता है। अंदर की हवा में सूखी गेंदे के फूलों और पुरानी कॉपियों की एक ऐसी गंध घुली थी जो सीधे अतीत के किसी बंद कमरे का दरवाजा खोल देती थी। काउंटर के पीछे एक बूढ़ा आदमी बैठा था जिसकी आँखें ठहर चुकी थीं। वह अपनी कांपती उंगलियों से कांच की छोटी शीशियों को तरतीब से लगा रहा था। उन शीशियों के भीतर कोई तरल पदार्थ नहीं था बल्कि उनमें सिर्फ एक खालीपन दिखाई देता था। एक युवक ने हाँफते हुए दुकान के भीतर कदम रखा। उसकी आँखें रोते-रोते सूज चुकी थीं और उसका पूरा वजूद किसी फटे हुए लिफाफे की तरह बिखर रहा था। उसने काउंटर पर दोनों हाथ टिका दिए। वह हांफते हुए बोला ₹क्या आपके पास ऐसी कोई दवा है जो मेरे सीने के इस भारीपन को हमेशा के लिए शांत कर दे बूढ़े ने बिना नजरें उठाए एक पारदर्शी शीशी को कपड़े से पोंछा। उसने अत्यंत शांत स्वर में कहा यहाँ हर तरह के मर्ज की खुराक मिलती है पर इसकी कीमत बहुत भारी है युवक की आँखों से एक आंसू टपक कर काउंटर के मटमैले शीशे पर फैल गया। उसने जेब से कुछ मुड़े हुए नोट निकाले और आगे बढ़ा दिए। वह रोते हुए बोला मैं अपनी पूरी जमापूँजी देने को तैयार हूँ बस मुझे इस दर्द से मुक्ति दिला दो बूढ़े ने नोटों को छुआ तक नहीं और गहरी सांस लेकर खिड़की से बाहर देखने लगा जहाँ रात धीरे-धीरे पैर पसार रही थी। वहाँ का सन्नाटा इतना गहरा था कि घड़ी की टिक-टिक भी किसी के दिल के टूटने की आवाज जैसी लग रही थी। दुकान के भीतर की अलमारियाँ अजीब तरह से वर्गीकृत थीं। एक कोने में लिखा था कि यह टूटे हुए वादों का हिस्सा है और दूसरी तरफ लिखा था कि यहाँ अधूरी मुलाकातों का मलबबा रखा जाता है।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 जुलाई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकम 07:38 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - पूवार्षाढा 06:50 उपरांत उत्तराषाढा
योग - ऐन्द्र 16:04 वैधृति
करण - कौलव
चन्द्रमा - धनु में है। 13:31 पर मकर में प्रवेश करेगा।

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी।

**धनु-** भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**मकर-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

# चिकित्सकः जो इतिहास नहीं लिखते, जिंदगियाँ लिखते हैं

प्रसंगवश – 01 जुलाई: राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

जीवन जब मृत्यु की चौखट पर डगमगाने लगता है, तब उम्मीद किसी दवा में नहीं, एक चिकित्सक की आँखों में दिखाई देती है। किसी माँ का विश्वास इसलिए नहीं टूटता कि उसे पता है–अस्पताल के भीतर कोई उसके बच्चे की हर साँस के लिए लड़ रहा है। किसी वृद्ध पिता की प्रार्थना इसलिए जीवित रहती है कि सफेद कोट पहने कोई हाथ अभी हार मानने को तैयार नहीं। उस क्षण मशीनों की आवाजें, दवाइयों की शीशियाँ और रिश्तों की भीड़ सब धुंधली पड़ जाती हैं; केवल एक चेहरा दिखाई देता है–चिकित्सक का। उसके लिए बिस्तर पर लेटा व्यक्ति केवल मरीज नहीं, किसी परिवार की पूरी दुनिया होता है। इसलिए वह समय, थकान और अपने सुख-दुख से ऊपर उठकर जीवन बचाने की अंतिम लड़ाई लड़ता है। शायद इसी निस्वार्थ तप ने चिकित्सक को पेशेवर नहीं, मानवता का मौन प्रहरी बनाया है। एक जुलाई का राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस इसी अनकहे समर्पण के प्रति समाज की विनम्र कृतज्ञता का दिवस है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

हर पेशे की अपनी विरासत होती है, लेकिन चिकित्सा की विरासत सेवा और समर्पण से लिखी जाती है। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति को समर्पित है, जिनका जन्म और महाप्रयाण दोनों एक जुलाई को हुआ। उन्होंने सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य संस्थानों और जनस्वास्थ्य को नई दिशा देकर उन्होंने भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत नींव रखी। उनका विश्वास था कि एक चिकित्सक केवल शरीर ही नहीं, व्यवस्था की कमजोरियों का भी उपचार कर सकता है। यही कारण है कि आज भी उनका आदर्श हर उस डॉक्टर के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो मरीज की मुस्कान को अपनी सबसे बड़ी सफलता मानता है।

भारत में डॉक्टर होना केवल पेशा नहीं, हर दिन एक नई चुनौती से मुकाबला करना है। विशाल आबादी, सीमित संसाधन और असमान स्वास्थ्य ढाँचे के बीच लाखों मरीज प्रतिदिन चिकित्सकों पर भरोसा करते हैं। डॉक्टरों की संख्या बढ़ी है, फिर भी ग्रामीण भारत आज भी गंभीर कमी से जूझ रहा है। अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संसाधनों, आधुनिक उपकरणों और पर्याप्त स्टाफ के अभाव में संचालित हो रहे हैं। ऐसी कठिन परिस्थितियों में भी चिकित्सक अपने ज्ञान, अनुभव और संवेदना के बल पर अनगिनत जिंदगियों को नया जीवन दे रहे हैं। यही निस्वार्थ समर्पण उन्हें केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज का सच्चा जीवन-प्रहरी बनाता है। इतिहास गवाह है–जब पूरी दुनिया ठहर जाती है, तब चिकित्सक कदम पीछे नहीं, आगे बढ़ाते हैं। कोविड-19 महामारी इसका सबसे बड़ा प्रमाण बनी। जब लोग संक्रमण के भय से घरों में कैद थे, तब डॉक्टर अस्पतालों में हर जीवन के लिए मोर्चा संभाले खड़े थे। उन्होंने परिवार, त्योहार और अपनी सुरक्षा तक की परवाह नहीं की। भारतीय चिकित्सा संघ के अनुसार, सेवा करते हुए अनेक चिकित्सकों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे ऐसे अनाम नायक हैं, जिनके नाम भले स्मारकों पर न लिखे जाएँ, लेकिन जिनके त्याग से लाखों घर आज भी आबाद हैं। महामारी ने सिद्ध कर दिया कि चिकित्सक केवल इलाज नहीं करते, वे निराशा के सबसे घने अंधकार में भी उम्मीद की लौ जलाए रखते हैं। तकनीक चिकित्सा की रफ्तार बढ़ा सकती है, लेकिन उपचार की आत्मा आज भी इंसानियत में बसती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक सर्जरी, जीन थेरेपी और टेलीमेडिसिन ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयाँ दी हैं।

समसामयिक

## बदलते समाज में विवाह के नए मानदंड

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। वर्षों तक विवाह तय करते समय लड़के के परिवार, संस्कार, शिक्षा, रोजगार, खान-पान और चरित्र को प्रमुखता से परखा जाता था। उद्देश्य स्पष्ट था–बेटी का भविष्य सुरक्षित, सम्मानजनक और सुखद हो। समय के साथ सामाजिक परिस्थितियाँ और पारिवारिक संरचनाएँ बदली हैं। आज यह समझ विकसित हुई है कि जिस प्रकार बेटी का भविष्य महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार बेटे का भविष्य भी समान रूप से मूल्यवान है। इसलिए विवाह तय करते समय केवल लड़के के गुणों का ही नहीं, बल्कि लड़की के संस्कार, व्यवहार, जिम्मेदारी, चरित्र, पारिवारिक मूल्यों और जीवन के प्रति उसके दृष्टिकोण का भी गंभीरता से मूल्यांकन आवश्यक हो गया है।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

विवाह विश्वास, सम्मान, सहयोग और जिम्मेदारी का रिश्ता है। यदि किसी भी पक्ष में इन मूल्यों का अभाव हो, तो उसका प्रभाव केवल पति-पत्नी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दोनों परिवारों पर भी पड़ता है। आज बढ़ते वैवाहिक विवाद, आपसी मतभेद और टूटते रिश्ते इस बात की ओर संकेत करते हैं कि केवल बाहरी आकर्षण, आर्थिक स्थिति या दिखावे के आधार पर लिया गया निर्णय दीर्घकालिक सफलता की गारंटी नहीं होता।

आज आवश्यकता किसी एक पक्ष को अधिक या कम महत्व देने की नहीं, बल्कि संतुलित और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाने की है। जिस गंभीरता से पहले बेटी के लिए योग्य वर की तलाश की जाती थी, उसी गंभीरता से आज बेटे के लिए योग्य वधू का चयन भी किया जाना चाहिए। साथ ही, दोनों परिवारों को पारदर्शिता, आपसी संवाद और सही जानकारी को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक सफल विवाह की नींव केवल प्रेम या आकर्षण पर नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, परस्पर सम्मान, विश्वास और जिम्मेदारी पर टिकी होती है। बदलते समाज में यही नए मानदंड मजबूत परिवार और स्वस्थ समाज की आधारशिला बन सकते हैं।

(1 जुलाई - डॉक्टर्स डे पर विशेष कविता

## मानवता के सच्चे रक्षक...!

सफेद कोट में सेवा का दीप,
हरेक पीड़ा में रहते हैं समीप।
दिन हो, रात हो या अंधियारा,
डॉक्टर देते जीवन को सहारा।
वो दर्द किसी का देख न पाते,
अपने सुख भी भूल ही जाते।
थकी हुई आँखों में सपने कम,
रोगी की मुस्कान में ही है दम।
यूं आपदा हो या हो महामारी,
वे डटे रहते बन के जिम्मेदारी।
कोरोना के कठिन वक़्त में भी,
सेवा ज्योति जली बारी-बारी।
ज्ञान हैं करुणा और समर्पण,
इनसे सँवरता उनका जीवन।
वे हर धड़कन की रक्षा करते,
नवजीवन का उपहार हैं देते।
आओ मिलके सम्मान बढ़ाएँ,
यहाँ कृतज्ञता के दीप जलाएँ।
डॉक्टर तो मानवता की शान,
उनसे ही सुरक्षित रहते प्राण।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

धर्म–आस्था

# दान सुपात्र को ही देना चाहिए

वर्तमान में हम देख रहे हैं की करोड़ों राम भक्तों के आस्था पर धर्म के ठेकेदारों के द्वारा चोरी की गई दान की राशि की चोरी कर ले चोट पहुंचाई गई है ।यह प्रकरण सीसीटीवी फुटेज के साथ संबंधित लोगों के व्यवसायिक बैंक खाता खंगाले गए जिसमें पाया गया की मात्रा 12 हजार से 15000 रुपए के मासिक वेतन पर कार्य करने वाला व्यक्ति करोड़ों रुपए की कोठी बना रहा है, तो निश्चित रूप से यह चोरी के पैसों से ही बनाई गई ऐसा प्रतीत होता है। महज चंद मासिक वेतन पाने वाला व्यक्ति करोड़ों रुपए की कोठी कैसे बना सकता है इसी को ध्यान में रखते हुए कहा गया है की दान उसे व्यक्ति या संस्था को देना चाहिए जो वास्तविक रूप में पात्र है अपात्र को दान देकर भ्रष्टाचार की नई कहानी लिखने जैसा है। हमारे पुराणों में कहा गया है कि सुपात्र को ही दान दे जिससे आपके द्वारा की गई दान की राशि और वस्तुओं का सही सदुपयोग हो सके।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

हमारे शास्त्र दान देने पर बल देते हैं। सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए इसकी बहुत उपयोगिता होती है। शास्त्रों का कथन है कि दान सदा ही सुपात्र को देना चाहिए अन्यथा दिए हुए दान का सुफल मनुष्य को नहीं मिल पाता। मनुष्य बहुत ही कठोर परिश्रम कर-के धन कमाता है। उसके कमाए हुए धन का दुरुपयोग न होने पाए, उसे सदा इसका ध्यान रखना चाहिए।

दान किसको नहीं देना चाहिए, इस विषय में आचार्य चाणक्य का स्पष्ट कथन यह है-

वृथा वृष्टिः समुद्रेषु वृथा तृप्तेषु भोजनम।
वृथा दानं धनाढ्येषु वृथा दीपो दिवाऽपि च॥

अर्थात समुद्र पर वर्षा का बरसना, जिसका पेट भरा हो उसे खाना देना, धनवान को धन का दान देना और सूर्य के प्रकाश में दीपक जलाकर रोशनी करना इत्यादि व्यर्थ में शक्ति का ह्रास करना होता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपनी शक्ति का यथा योग्य स्थान और समयानुसार उपयोग करना चाहिए।

इस श्लोक के अनुसार दान उसे देने का कोई लाभ नहीं होता, जिसके पास बहुत है। जैसे समुद्र अथाह जलराशि समेटे हुए हैं। उसमें चार-पाँच बाल्टी पानी डालने से उसे कोई अन्तर नहीं होगा। पता ही नहीं चलेगा कि वह जल किधर गया। इसलिए समुद्र में जल डालना व्यर्थ होता है। जल वहाँ डालिए जहाँ पौधे न मुरझाएँ और वे बड़े होकर फल और छाया देने वाले बनें। वे आने वाले यात्रियों के सुख का कारण बन सकें। जिस व्यक्ति के पास करोड़ों-अरबों रुपए हों, उसे दो-चार हजार रुपए दिए जाएँ तो उसे कोई अन्तर नहीं पड़ेगा क्योंकि उसे उस धन की आवश्यकता ही नहीं है। ऐसे स्थान पर दिया गया दान व्यर्थ होता है। ऐसे व्यक्ति को यदि वही राशि दी जाए, जिसे उसकी सचमुच आवश्यकता है, तो उसकी जरूरत पूरी हो जाएगी और उसका काम चल जाएगा। वह आशीष भी देगा और कृतज्ञ भी रहेगा।

जिसका पेट पहले से ही भरा हो, उसे पुनः खाना खिलाने का प्रयास किया जाए, तो वह खा ही नहीं सकेगा। उसके सामने परोसे गए छप्पन व्यन्जन भी बेकार हो जाते हैं। उसके स्थान पर ऐसे व्यक्ति को भोजन खिलाया जाए जो वास्तव में भूखा है। उसे भोजन की कीमत पता होती है। उसे खिलाने उसका पेट भर जाएगा और आपको उस सद्कार्य के लिए पुण्य भी मिलेगा। सूर्य सारी पृथ्वी को प्रकाशित करता है। यदि दिन के समय दीपक जला दिया जाए, तो उसके प्रकाश की कोई अहमियत ही नहीं होगी। उसके जलने की कोई भी उपयोगिता नहीं होगी। रात्रि के समय यदि उसे जलाया जाए तो वह प्रकाश देगा। मार्गदर्शक बनकर लोगों को ठोकर खाने से बचाने वाला बनेगा। इस प्रकार सूर्य के प्रकाश के सामने दीपक का जलना किसी के काम नहीं आता।

'पद्मपुराण' का स्पष्ट निर्देश है कि कैसे ब्राह्मण को दान न दिया जाए -

धूम्रपानरते विप्रे दानं कुर्वन्ति ये नराः।
ते नरा नरकं यान्ति ब्राह्मणा ग्रामशूकराः।।

अर्थात धूम्रपान (तम्बाकू, गांजा, भांग, चरस, बीड़ी, गुटखा, शराब इत्यादि मादक पदार्थ का सेवन) करने वाले ब्राह्मण को दान देने वाला नरक का अधिकारी होता है और उन ब्राह्मणों का तो कहा ही क्या जाए? उन अभागों को ग्रामशूकर बनकर विष्ठा-भोजन करना पड़ता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2992, चना देशी-3561-6062, डालर चना- 4001-8370, मूंग- 5000-7270, सोयाबीन-2450-10011, धनिया- 11941, मटर-2800-3011, मसूर- 4000,मसूर-4000, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,44,200 रवा-1,44,400 चांदी- टंच- 2,26,000 पाट-2,25,500।

### उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## श्री पटवारी के देवास आगमन पर, मुकाती के नेतृत्व में हुवा भव्य स्वागत

**देवास।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भोपाल चौराह पर विक्रम मुकाती मार्केटिंग सोसायटी सदस्य के नेतृत्व में भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयसिंह ठाकुर पूर्व महापौर वरिष्ठ नेता भगवान सिंह चावड़ा पीसीसी सदस्य शौकत हुसैन श्याम सेठ बाबूलाल चौधरी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस ग्रामीण रुस्तम सरपंच इम्तियाज शेख भल्लू पूर्व पार्षद एवं उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस पोपसिंह परिहार पूर्व पार्षद जनपद सदस्य सिंगाराम गजेंद्र झाला नौशाद पटेल डाक्टर रितेश शर्मा लुकमान अली पंकज चौधरी मुकुल चौधरी कमल वेंडर कमल मुकाती आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी ने इस अवसर पर किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं उनकी समस्या ओ को सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है,कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में लड़ाई लड़ रही हैं आप सब से अनुरोध है कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान दे। साथ ही कहा कि किसानों के साथ सरकार अन्याय कर रही है उर्वरक खाद समय पर नहीं मिल रहा है, किसानों की उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है, राजस्व विभाग में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है ,किसानों की आवाज कांग्रेस पार्टी बुलंद कर रही है इसलिए मुख्यमंत्री किसान के बेटे को गालियां दे रहे है में सदैव किसानों के हित में लड़ाई लड़ता रहूंगा।

## राम मंदिर में चोरी मामले पर युवा कांग्रेस का विरोध हनुमान चालीसा का किया पाठ



**शुजालपुर।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी के मामले को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने नगर के रोकडिया हनुमान मंदिर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर ईश्वर से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद थे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने मन की बात के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं, लेकिन राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी के मामले पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रामलला और मंदिर का सम्मान करती है, लेकिन श्रद्धालुओं की दान राशि में कथित अनियमितता गंभीर विषय है। इसी भावना के तहत कार्यकताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अचल मेवाड़ा, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पार्षद भूपेंद्र सोनीए, राजेंद्र सिंह राजू दरबार, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौर, मंडलम अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेंद्र नाहर, मनोहर जाटव, युवा कांग्रेस शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जांगड़ा पंच पोरवाल समाज ने मंदिर स्थापना की अड़तीसवीं वर्षगांठ मनाई



**महिदपुर रोड** नगर जांगड़ा पंच पोरवाल समाज द्वारा सोमवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर समाज के श्री शेषशायी विष्णु मंदिर पोरवाल परिसर में मंदिर की 38 वीं वर्षगाँठ पर शेष शायी विष्णु भगवान तथा मां लक्ष्मी को नवीन वस्त्र धारण करवाकर ध्वजा चढ़ाई गई तत्पश्चात जागड़ा पंच पोरवाल समाज के समाज जनों द्वारा श्री शेषशायी विष्णु भगवान की महा आरती उतार के ऊपर प्रसादी का वितरण किया गया इस अवसर पर नगर पोरवाल समाज के वरिष्ठ डॉक्टर संजय पोरवाल,विकास पोरवाल,समाज के उपाध्यक्ष मधु सूदन फरक्या,पूरालाल फरक्या,अ नि ल मांदलिया (मिनावदा),आ लोक पोरवाल, सहित समाज के अन्य वरिष्ठ जन महिला मंडल बहू परिषद की महिलायें शामिल हुई कार्यक्रम की जानकारी अ भा पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव आनंद फरक्या द्वारा दी गई।

## अखंड सेवा समिति 8 वर्षों से कर रही असाध्य मरीजों की सेवा, सहयोग

**शुजालपुर।** आज के दौर में जहाँ बिना स्वार्थ या बिना किसी पद के लोग आगे नहीं आते, वहीं शुजालपुर में अखण्ड सेवा समिति निःस्वार्थ सेवा की एक ऐसी अनूठी मिसाल पेश कर रही है जो हर नागरिक का दिल जीत रही है। साल 2018 में मात्र 11 सदस्यों से शुरू हुआ यह सेवा का सफ र आज 67 सदस्यों के एक मजबूत परिवार में बदल चुका है। इस समिति की सबसे बड़ी और खूबसूरत विशेषता यह है कि इसमें न कोई अध्यक्ष है, न कोई पदाधिकारी और न ही कोई आपसी राजनीतिय यहाँ हर सदस्य सिर्फ एक सेवक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाता है। समिति के सभी 67 सदस्य हर महीने अपनी जेब से मात्र 100 रुपये की छोटी सी राशि जमा करते हैं और इसी छोटी सी बचत से क्षेत्र के हजारों जरूरतमंदों की तकलीफ ों को दूर कर रहे हैं। शासकीय अस्पताल में फ ल वितरण, समिति द्वारा पिछले 8 वर्षों से बिना रुके, हर रविवार को शासकीय अस्पताल शुजालपुर में भर्ती मरीजों को निःशुल्क ताजे फ ल वितरित किए जाते हैं। लाखों की चिकित्सा सामग्री, वो भी बिल्कुल मुफ्त, गंभीर रूप से बीमार और असहाय मरीजों के लिए समिति के पास 7 एडजस्टेबल पलंग, 7 व्हीलचेयर, 5 कमोड कुर्सियां, 30 वॉकर और 5 नेबुलाइजर व बीपी मशीनें उपलब्ध हैं, जो जरूरतमंद परिवारों को बिना किसी शुल्क के उपयोग के लिए दी जाती हैं। इसके साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर और बुजुर्गों के लिए लाठियां भी निःशुल्क दी जाती हैं।

# मोतीसागर तालाब में डूबने से 24 वर्षीय युवक की मौत, एक घंटे बाद मिला शव

### एम्बुलेंस न मिलने पर बिजली वाहन से भेजा अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा शहर के मोतीसागर तालाब में दोपहर नहाने के दौरान 24 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर SDRF की टीम ने करीब एक घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर शव तालाब से बाहर निकाला। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण शव को नगर पालिका के बिजली सुधार वाहन से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।



पुलिस के अनुसार, ढाबला पीपलोन निवासी भगवानसिंह पिता भेरूसिंह (24) अपने साथी राहुल प्रजापत के साथ तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और वापस नहीं लौट सका। उसके साथी ने आसपास मौजूद लोगों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और SDRF को बुलाया गया।

मौके पर पहुंची SDRF टीम ने लगभग एक घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया और युवक का शव तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

घटना के बाद आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठे। शव को अस्पताल पहुंचाने के लिए काफी देर तक एम्बुलेंस का इंतजार किया गया, लेकिन वह नहीं पहुंची। अंततः नगर पालिका के बिजली सुधार कार्य में उपयोग होने वाले वाहन से शव जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

**मृतक किराना दुकान पर करता था कार्य**

मृतक भगवानसिंह और उसका साथी आगर में एक किराना दुकान पर काम करते थे। दुकान मालिक के भाई पिंटू ने बताया कि दोनों आज गोडाउन की सफाई के बाद नहाने के लिए तालाब गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना से कुछ समय पहले ही SDRF की टीम मोतीसागर तालाब में अपना प्रशिक्षण अभ्यास पूरा कर वहां से रवाना हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टीम मौके पर मौजूद रहती तो युवक को बचाने की संभावना बन सकती थी, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सेफ क्लिक अभियान में देवास के 16 पीड़ितों को राहत

## पांच दिन में साइबर ठगी के 3.98 लाख रु. खातों में वापस कराए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास पुलिस ने राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के पहले पांच दिनों में जिले के 16 साइबर ठगी पीड़ितों के बैंक खातों में लगभग 3.98 लाख रुपए वापस कराए गए हैं।




यह कार्रवाई 24 से 29 जून के बीच मिली साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों पर की गई। देवास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की ठगी गई राशि को वापस दिलाने में मदद की। कुल 3 लाख 98 हजार 719 रुपए लौटाए गए।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर जिलेभर में 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, हाट-बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं और क्यूआर कोड फ्रॉड जैसी साइबर वारदातों से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। थाना स्तर पर पुलिस चौपाल के माध्यम से भी नागरिकों को जानकारी दी जा रही है।

साइबर फ्रॉड की शिकायतें मिलते ही थाना स्तर पर साइबर मित्रों और जिला साइबर सेल ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया। इस पहल के परिणामस्वरूप कोतवाली के 4, औद्योगिक क्षेत्र के 4, सिविल लाइन के 2, नाहर दरवाजा, टोंकखुर्द, भौरांसा और उदयनगर के 1-1 तथा हाटपीपल्या के 3 पीड़ितों की राशि वापस कराई गई।

**अनजान व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें**

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उसे बिना देर किए 1930 साइबर हेल्पलाइन या डायल-112 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर ठगी गई राशि वापस दिलाई जा सके।

## पनवाड़ी में गाय से टकराई अर्टिगा, एक बच्चा घायल

### सारंगपुर की ओर जा रहा था परिवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पनवाड़ी में मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक सड़क हादसा हुआ। शाजापुर से सारंगपुर की ओर जा रही एक मारुति अर्टिगा कार गांव के समीप अचानक सड़क पर आई एक गाय से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही सुनेरा थाना की डायल-112 टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आरक्षक सुनील राजपूत और पायलट महेंद्र सिंह जादौन ने घटनास्थल का जायजा लिया और घायलों की सहायता की। हादसे में वाहन में सवार एक बच्चे के हाथ में चोट आई है, जबकि अन्य यात्रियों को मामूली खरोंचें आईं। हालांकि, दुर्घटना में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सड़क पर अचानक गाय के आ जाने के कारण हुई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने शीघ्र सामान्य कर दिया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरते समय सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति से वाहन चलाएं। पुलिस ने बताया कि सड़क पर अचानक मवेशियों के आने से इस प्रकार की दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

## शास. भूमि पर अतिक्रमण से रुकी जल निकासी, बोवनी में?


**अकोदिया।** समीपस्थ ग्राम रानी बड़ौद से ग्राम उंचावद तक बने करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग के किनारे खेतों में जलभराव हो गया है। जल निकासी रुकने से क्षेत्र के करीब 12 किसान परेशान हैं। कई किसान अब तक सोयाबीन की बुवाई नहीं कर पाए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक रानी बड़ौद-उंचावद मार्ग पर शासकीय काकड़ भूमि पर उंचावद निवासी कमल धनगर और संतोष धनगर ने कथित रूप से अतिक्रमण किया। प्राकृतिक जल निकासी का रास्ता बंद हो गया। आरोप है कि पानी रोकने के लिए मिट्टी का भराव किया गया। बारिश का पानी आसपास के खेतों में भरने लगा। किसानों का कहना है कि खेत तालाब जैसे हो गए हैं। समस्या से परेशान किसानों ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ शुभम मौर्य को लिखित आवेदन दिया। तत्काल कार्रवाई की मांग की। आवेदन मिलने के बाद एसडीओ ने विभागीय उपयंत्री दिनेश धाकड़ को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा। निरीक्षण के बाद एसडीओ शुभम मौर्य ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मामले का जल्द निराकरण होगा।

## सुसनेर मार्ग पर खड़ी कार में आग लगी, लोगों ने रेत-पानी डालकर बुझाई अंदर कोई नहीं था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

सुसनेर रोड पर सोमवार की शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। उज्जैन-झालावाड़ हाईवे पर होटल गुरुकृपा के सामने खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते कार से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और पूरी कार आग का गोला बन गई। इसे देखकर हाईवे पर आने-जाने वालों में खलबली मच गई। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार होटल के सामने खड़ी थी कि तभी अचानक उसमें से धुआं और लपटें निकलने लगीं। कुछ ही मिनटों में आग बहुत ज्यादा फैल गई। यह देखते ही होटल के कर्मचारी और वहां से गुजर रहे लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। लोगों ने बिना देर किए जो मिला-पानी और रेत, उसी की मदद से जी-जान लगाकर आग बुझाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। लोगों की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया, हालांकि कार अंदर-बाहर से बुरी तरह जल चुकी है।



**गनीमत रही खाली थी कार, शॉर्ट सर्किट का शक**

सबसे अच्छी बात यह रही कि जब कार में आग लगी, तब उसके अंदर कोई बैठा नहीं था। कार पूरी तरह खाली होने की वजह से किसी की जान को कोई खतरा नहीं हुआ। कार में आग कैसे लगी, इसकी पक्की वजह तो अभी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि वायरिंग में शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी की वजह से ऐसा हुआ होगा।

**सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट**

इस घटना की वजह से हाईवे पर थोड़ी देर के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई और लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल पर बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कार धू-धू कर जल रही है और लोग बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश में जुटे हैं।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर आष्टा रोड स्थित तनिषि गार्डन में कांग्रेस के सिटी एवं मंडी मंडलम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत सभी वार्डों में अध्यक्ष नियुक्त करने और वार्ड समितियों के गठन में तेजी लाने पर जोर दिया गया। प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार ने कहा कि नगर के सभी 25 वार्डों और पंचायतों में संगठन को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कई वार्डों और पंचायतों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं हो सका था। वर्तमान में कांग्रेस के केवल 5-6 पार्षद हैं, इसलिए आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए बूथ और वार्ड स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करना होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि जल्द से जल्द सभी वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति कर उनके माध्यम से वार्ड समितियों का गठन किया जाए, ताकि घर-.घर तक कांग्रेस की पहुंच सुनिश्चित हो सके। बैठक को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार एवं केदार मेवाड़ाए कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाड़ा,प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव एवं पूर्व नपा अध्यक्ष रचना जैन, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, सागर परमार, बल्ला सोनी ने भी संबोधित किया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सलमान खान आत्मज सलीम उर्फ सेजाद खान, निवासी-69 ग्राम पिंगलेश्वर तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) को उसके गलत व्यवहार के कारण मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। पुत्र सलमान खान का मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्ति पर कोई अधिकार नही रहेगा। कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र सलमान खान से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे। मेरे पुत्र सलमान खान से किये गये लेन-देन के लिये संबंधीत स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सूचित हो। इति दिनांक-30.06.2026

**सलीम उर्फ सेजाद पिता हसन खान**
**निवास-69 ग्राम**
**पिंगलेश्वर तहसील व जिला**
**उज्जैन (म. प्र.)**
**मो. नं. 99070-76131**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार मनोहरसिंह पिता शिवजीराम जाति खाती निवासी ग्राम गोलवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 618 रकबा 0.22 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार राहुल कुमार पिता मनोज कुमार जाति खाती निवासी ग्राम गोलवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 619 रकबा 1.78 हेक्टेयर व सर्वे नं. 620/1 रकबा 1.30 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 03 कुल रकबा 3.30 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम गोलवा तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 30/06/2026

**श्याम गुर्जर एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उजैन**
**मो.नं. 8965809867**
**कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे तक**

## 2 जुलाई को होगा 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम

बडौद। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना, 1 जुलाई से प्रभावशील होगी। योजना के शुभारंभ के अवसर पर 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा! राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम के क्रम में आगर-मालवा जिले में जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत पिपलियाचाचा में किया जाएगा।सीईओ जिला पंचायत बी एस सोलंकी द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़ौद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जनपद पंचायत के समस्त सहायक यंत्री सहायक नोडल अधिकारी के रूप में दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़ौद, शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम के सफल आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

## अवमानक दूध विक्रय पर डेयरी संचालक पर डेढ़ लाख का अर्थदंड

**बडौद।** अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं पदेन न्याय निर्णयन अधिकारी आर.पी. वर्मा के न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर एक दूध डेयरी संचालक पर डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। जारी आदेशानुसार 20 सितम्बर 2024 को श्री श्याम दूध डेयरी, मदकोटा से लिये गए भैंस के दूध का नमूना राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया, जहां अमानक दूध की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने मामले में दोष सिद्ध होने पर श्री श्याम दूध डेयरी मदकोटा के संचालक महेन्द्र सिंह पिता मानसिंह चौहान पर 1 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। न्यायालय के आदेशानुसार उक्त प्रकरण में जुर्माना राशि 15 दिवस के भीतर जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 96 के तहत वसूली एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमती गेहलोत का निधन



**जगोटी।** सामाजिक कार्यकर्ता उमेश गेहलोत की माताजी श्रीमती कमला बाई गेहलोत 75 का अल्प बीमारी के पश्चात रविवार को निधन हो गया। उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि पुत्र उमेश व विश्वास गेहलोत ने दी।

## इंस्टाग्राम पर एआई से अश्लील तस्वीरें बनाने की धमकी दे किया ब्लैकमेल

**शाजापुर।** शाजापुर शहर की एक विवाहित महिला ने इंस्टाग्राम के जरिए ब्लैकमेल करने और अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि शाजापुर निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू मार्च महीने से इंस्टाग्राम के जरिए ऑडियो कॉल, वीडियो कॉल और मैसेज कर उसे परेशान कर रहा था। महिला का आरोप है कि आरोपी उस पर होटल या अपने कमरे पर मिलने का दबाव बना रहा था। महिला का कहना है कि जब उसने मिलने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे बदनाम करने और ब्लैकमेल करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर मौजूद उसकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से अश्लील तस्वीरें बनाने और उन्हें पति व परिजनों को भेजने की धमकी दी। महिला ने बताया कि बदनामी के डर से वह लंबे समय तक शिकायत नहीं कर सकी। 3 जून की रात उसके पति को मोबाइल देखने के दौरान पूरे मामले की जानकारी मिली। अगले दिन पति ने आरोपी से बात की, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं। महिला ने कहा कि इस घटना का असर उसके वैवाहिक जीवन पर भी पड़ा और वह मानसिक रूप से परेशान रही।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मनोहरसिंह पिता स्व. केशरसिंह निवासी ग्राम जेथल तहसील घटिया जिला उज्जैन द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 271/2 रकबा 0.54 हे., सर्वे क्र. 274/2 रकबा 0.76 हे. एवं सर्वे क्र . 273/3 रकबा 0.20 स्थित ग्राम जेथल जो कि, मेरे पक्षकार के पिता स्व. केशरसिंह पिता माधवसिंह माता श्रीमती रेशमबाई पति स्व. केशरसिंह के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज रही है जिसे धोखे से, छलपूर्वक बगैर किसी विहित प्रक्रिया का पालन किये भूपेन्द्रसिंह पिता अमरसिंह निवासी ग्राम जेथल द्वारा अपने नाम दर्ज करवा ली है, जिसे अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग घटिया द्वारा नामांतरण निरस्त कर राजस्व रिकार्ड में स्व. केशरसिंह एवं श्रीमती रेशमबाई के नाम का राजस्व अभिलेख में अमल करने का आदेश दिया गया है, जिसके विरूद्ध गजेन्द्रसिंह पिता महेन्द्रसिह व दिव्यराजसिंह पिता महेन्द्रसिंह निवासी-जेथल ने अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन के समक्ष अपील की है जिसमें स्थगन दिया गया है, उक्त कृषि भूमि पैतृक कृषि भूमि है जिस पर स्व. केशरसिंह के समस्त विधिक वारिसों का हक, हिस्सा, अंश निहित है, जिसे समस्त जानकारी छुपाकर, छुपके-छुपके भूपेन्द्रसिंह पिता अमरसिंह निवासी-जेथल द्वारा अवैध रूप से विक्रय किये जाने बाबत प्रयास किया जा रहा है जो कि, किसी भी रूप में उक्त व्यक्ति विक्रय करने का अधिकार नहीं रखता है क्योकि एसडीओं महोदय घटिया द्वारा मेरे पक्षकार श्री मनोहरसिंह पिता स्व. केशरसिंह के द्वारा की गई कार्यवाही के पालन में नामांतरण द्विव्यराजसिंह का एवं गजेन्द्रसिंह का दिनांक 06.05.2026 को निरस्त हो चुका है एवं वरिष्ठ न्यायालय अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन के न्यायालय से उपरोक्त वादग्रस्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार के कियाव्यन पर स्थगन दे रखा है एवं प्रकरण प्रचलित है। इस संबंध में आम व्यक्ति, संस्था, बैंक फर्म आदि को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि को कय न करे, ना बयाना दे, ना ही गिरवी रखे, यदि तदपश्चात भी उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार, लेनदेन आदि की गई तो उसके परिणाम का उत्तरदायित्व उसी व्यक्ति संस्था आदि का रहेगा। सौ सूचित हो।

दिनांक 30.06.2026

**जितेन्द्र सोलंकी एड.**
**कार्यालय चेम्बर नं. 74 न्यू कोर्ट परिसर उज्जैन**
**म.प्र. (मो.नं. 8889361945)**

# अशोक नगर में हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** अशोकनगर पुलिस ने रास्ते के विवाद में हुई हत्या के मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल ग्वालियर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फरारी के दौरान लगातार फरियादी और पीड़ित पक्ष को धमकाकर क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना रहा था।



**रास्ते के विवाद में हुई थी हत्या**

पुलिस के अनुसार, 27 जून को बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में खेत पर जाने के रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि बृजेश गुर्जर की हत्या कर दी गई। घटना के बाद बहादुरपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

**आठ घंटे में चार आरोपी हुए थे गिरफ्तार-** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज आठ घंटे के भीतर चार आरोपियों रामक्रेश गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, राजकुमार गुर्जर और लक्ष्मण उर्फ गोटीराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के मुताबिक, हत्या का मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। फरारी के दौरान वह फरियादी और पीड़ित पक्ष को धमकाने के साथ क्षेत्र में भय का माहौल बना रहा था।

**जिला दंडाधिकारी ने रासुका के आदेश जारी किए-**

आरोपी की गतिविधियों को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव जिला दंडाधिकारी को भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला दंडाधिकारी साकेत मालवीय ने शैतान सिंह गुर्जर को रासुका के तहत निरुद्ध करने के आदेश जारी कर दिए।

### लवे पटरी के पास युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

**विदिशा।** शहर के रंगई मंदिर के पास रेलवे पटरी के नजदीक सोमवार शाम करीब 6 बजे भोरघाट निवासी विकास कुशवाह का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन के अनुसार विकास रविवार सुबह करीब 11 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह 15 मिनट में लौट आएगा, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद परिजनों ने पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार शाम शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव की शिनाख्त कर पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# गोकुलधाम कॉलोनी में बिजली-सड़क नहीं किया चक्काजाम, महीने से चक्कर काट रहे

**विदिशा।** विदिशा शहर की गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर ईदगाह चौराहे पर चक्काजाम किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का आरोप लगाया। उनका कहना है कि तीन महीने से शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ है।



बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। रहवासियों ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कॉलोनी विकसित करने वालों द्वारा शिकायत करने पर मकान तोड़ने की धमकियां दी जा रही हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि बारिश के दिनों में कॉलोनी की स्थिति और खराब हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ जमा होने से आवागमन मुश्किल हो जाता है, और रात में बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं।

गोकुलधाम फेस-1, सूरज नगर निवासी रामसती पवार ने बताया कि हाल ही में बिजली की समस्या के दौरान उनके लड़के को लाइन जोड़ते समय करंट लग गया था, जिससे क्षेत्र में डर और नाराजगी बढ़ गई है।इस मामले में तहसीलदार निधि लोधी ने जानकारी दी कि करंट लगने की घटना के बाद सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन और विद्युत कंपनी की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करेगी और लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करेगी।

### 80 प्रतिशत शिक्षक ट्रांसफर की पात्रता सूची से बाहर-शिक्षा विभाग

**विदिशा।** शिक्षा विभाग में इन दिनों तबादलों का मौसम चल रहा है। यहां 4 सहायक संचालकों के तबादला आदेश जारी हुए थे। इनमें से अब तक केवल एक सहायक संचालक को ही डीईओ ने रिलीव किया है। शेष 3 सहायक संचालकों को अभी तक रिलीव नहीं किया गया है। उधर शिक्षकों की ऑनलाइन तबादला सूची अभी तक हमारे शिक्षक ऐप पर नहीं खुली है। डीईओ एसपीएस जाटव का कहना है कि कितने शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किया था, और कितने शिक्षकों के तबादला आदेश जारी हुए हैं। पोर्टल से अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिली है। उधर विदिशा में पदस्थ सहायक संचालक ऐश्वर्या मूंदड़ा का तबादला पहले अशोकनगर हुआ था।

## किसान ने कलेक्ट्रेट परिसर में खुद पर डाला केरोसिन

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जमीन विवाद से परेशान एक किसान ने खुद पर केरोसिन छिड़क लिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने तुरंत किसान के हाथ से केरोसिन की बोतल और माचिस छीन ली।दोपहर करीब 12 बजे किसान टुडा अहिरवार अचानक केरोसिन की बोतल लेकर जनसुनवाई में पहुंचा। उसने खुद पर केरोसिन छिड़क लिया। घटना होते ही कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाल लिया। जमीन पर दोबारा कब्जे का आरोप-टुडा अहिरवार ने आरोप लगाया कि रातीखेड़ा स्थित उसकी जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उसका कहना है कि प्रशासन ने पहले सीमांकन कर उसे कब्जा दिलाया था, लेकिन बाद में आरोपियों ने फिर से जमीन पर कब्जा कर लिया।

## जेल में कैदी की मौत पर भड़के परिजन

**सीहोर।** सीहोर जिला जेल में विचाराधीन कैदी श्रीराम वर्मा की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मंगलवार को मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की। परिजनों और ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि जेल में श्रीराम वर्मा की तबीयत बिगड़ने के बाद भी उन्हें समय पर उचित इलाज नहीं मिला। उनका कहना है कि अगर समय पर इलाज कराया जाता तो उनकी जान बच सकती थी।

## स्टूडेंट से 15 लाख ठगे, टेलीग्राम पर फंसाया

**रायसेन।** रायसेन में वर्क फ्रॉम होम जॉब का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक बीटेक छात्र से 15 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में कोतवाली पुलिस ने ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, मुख्य साइबर गिरोह की तलाश जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि फरियादी अनिकेत नायक बीटेक का छात्र है और नौकरी की तलाश कर रहा था। करीब 5 जून को टेलीग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क कर ऑनलाइन जॉब का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में रिज्यूमे भेजने के एवज में उसके खाते में 200-250 रुपये भेजे गए, जिससे उसे भरोसा हो गया। ठगों ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर बड़े टास्क देने का झांसा दिया।

## गंदा पानी लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

**रायसेन।** रायसेन मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सालेरा गांव के लोगों ने जर्जर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के निर्माण की मांग की। वहीं, बघेड़ी रामपुर की महिलाएं पेयजल संकट और गंदे पानी की शिकायत लेकर पहुंचीं। ग्राम सालेरा के ग्रामीणों ने बताया कि ऑक्सीजन पार्क से सालेरा तक करीब 10 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क कई वर्षों से खराब पड़ी है। बरसात में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं। 50 से 60 गांवों के लोग प्रभावित-ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण कई बार गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। इस सड़क से करीब 50 से 60 गांव जुड़े हैं।

## बैठक आयोजित की गई

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आत्मीय बैठक कर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने नव नियुक्त पदाधिकारियों परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## बेंगलुरु के विशेषज्ञ सिखाएंगे गुलाब की वैज्ञानिक खेती

**गुना।** जिले में गुलाब की वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक खेती को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर किशोर कन्याल के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा उद्यानिकी विभाग, जिला गुना के सहयोग से बुधवार, 01 जुलाई 2026 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार, गुना में नि:शुल्क विशेष गुलाब खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में एग्रीप्लास्ट कंपनी के अनुभवी एग्रोनॉमिस्ट किसानों को पॉलीहाउस में गुलाब की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, पौधों का समुचित प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई एवं फर्टिगेशन, पोषण प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण फूल उत्पादन, पैकेजिंग ब्रांडिंग, मार्केटिंग तथा अधिक लाभ अर्जित करने की आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी देंगे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के गुलाब उत्पादक किसानों, पॉलीहाउस निर्माणाधीन कृषकों तथा गुलाब की खेती प्रारंभ करने के इच्छुक किसानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उद्यानिकी विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर जिले में गुलाब उत्पादन की गुणवत्ता एवं उत्पादकता बढ़ाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। उपसंचालक उद्यान, जिला गुना के.पी.एस. किरार ने जिले के सभी पात्र किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील करते हुए बताया कि प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा।

# झूलती बिजली लाइन से किसान झुलसा कलेक्ट्रेन घेरने पहुंचे ग्रामीण

**सीहोर।** सीहोर बिजली विभाग की कथित लापरवाही से हुए हादसे के विरोध में मंगलवार को दर्जनों गांवों के किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पीड़ित किसान को न्याय दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



किसानों ने बताया कि 18 जून को ग्राम बड़वेली निवासी किसान सतीश अपने खेत में ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें पहले सीहोर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इलाज अभी भी जारी है।

**किसानों ने विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप-**

किसानों का आरोप है कि बिजली लाइन कई महीनों से जमीन से करीब पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रही थी। बिजली के खंभे भी लंबे समय से टेढ़े थे। कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग ने उन्हें ठीक नहीं कराया। किसानों का कहना है कि घटना की शिकायत तहसील श्यामपुर और थाना दोराहा में की गई थी। इसके बावजूद 12 दिन बीतने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मुआवजा और कार्रवाई की मांग-एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में बड़वेली, चंदेरी, रातीखेड़ा, बमूलिया, जमनी, अंतिपुरा, महोड़िया, छापरी सहित कई गांवों के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित किसान को उचित मुआवजा, इलाज का पूरा खर्च और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। इसके बाद किसानों ने तहसीलदार और विद्युत मंडल अधीक्षण यंत्री कार्यालय पहुंचकर डीजीएम सुमित अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीड़ित किसान के इलाज के लिए तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की मांग की गई।

## प्रदेश में 20 जुलाई से शुरू होगा विधानसभा का मानसून सत्र

**भोपाल।** 20 जुलाई से मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ हो रहा है। पांच दिवसीय इस सत्र में सरकार 11 विधेयक प्रस्तुत करने की तैयारी में है। इसमें समान नागरिक संहिता (यूसीसी), कोचिंग संस्थान विनियमन, फायर सेफ्टी, नगर विकास (कालोनाइजर), विनियोग, पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज, वाणिज्यिक कर, श्रम संहिता सहित अन्य विधेयक शामिल हैं। यदि सिंहस्थ मेला अधिनियम में संशोधन की तैयारी हो गई तो इसे भी प्रस्तुत किया जाएगा। देश में उत्तराखंड, गुजरात और असम में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश में इसके लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति बनाई है, जो जन परामर्श पूरा कर चुकी है।

## एमपी में प्रमोशन... खुलेगा नौकरियों का पिटारा

**भोपाल।** प्रदेश में भले ही पदोन्नति को लेकर अलग-अलग विचार हों लेकिन इससे रोजगार की राह निकलेगी। पदोन्नति होने से जो पद रिक्त होंगे, उन पर सरकार भर्ती करेगी। आगामी दो साल में दो लाख पदों पर भर्ती का लक्ष्य रखा गया है। सभी विभागों से कहा गया है कि वे रिक्त पदों का ब्योरा तैयार करें। जैसे-जैसे पदोन्नति होती जाए, वैसे-वैसे रिक्त पदों पर भर्ती के प्रस्ताव बनाकर संबंधित एजेंसियों को भेजे जाएंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने पोर्टल भी तैयार कर दिया है, जिस पर रिक्तता की स्थिति दर्शाई जाएगी।

## जनसुनवाई में 310 आवेदनों पर सुनवाई, मौके पर हुआ निराकरण

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 310 आवेदन प्राप्त हुए। इस बार राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही आवास संबंधी शिकायतों के लिए विशेष टीम तैनात कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था से मिला त्वरित समाधान जनसुनवाई में इस बार राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रकरणों के लिए विशेष आवास टीम भी तैनात रही। जनसुनवाई के दौरान चांचौड़ा से 2, राघौगढ़ से 3, आरोन से 3 तथा गुना से 3 सहित कुल 11 आवास संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीनी श्रीमती सुनंदा मंत्री पति स्वर्गीय गोपाल जी मंत्री, निवासी-76, महेश नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन व हाल मुकाम-310 बी, ओरेन्ज स्क्वायर, गुमास्ता नगर, इन्दौर (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भवन क्रमांक 76, स्थित महेश नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन में शहरी सीमा के अन्दर कालोनी में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स का हैं तथा जो आवासीय उपयोग का होकर एक मंजिला अर्थात तल मंजिल आर.सी.सी. की छत का निर्मित है एवं जिसकी लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनों ओर 15.00 मीटर तथा जिसकी चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनों ओर 9.00 मीटर होकर जिसकी भूमि का कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर हैं एवं जिसके पूर्व दिशा में सड़क कालोनी की, पश्चिम दिशा में वर्तमान में अन्य मकानात् (जो पहले अन्य की भूमि में आम रास्ता हुआ करता था), उत्तर दिशा में भवन क्रमांक 75 व दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 77 हैं, को निर्विवाद व रिक्त अवस्था में मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय फिक्सर्स, फिटिंग्स व नल/बिजली कनेक्शन डिपाजिट राशि सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति आदि को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक-30.06.2026, उज्जैन,

**निखिल सोड़ोनी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री रमेश लाल पिता श्री नागू जी, जाति-बलाई (जाति की श्रेणी अनुसूचित जाति वर्ग) (गैर आदिवासी), निवासी-ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 81 रकबा 0.70 हेक्टर में से उत्तर दिशा तरफ की रकबा 0.20 हेक्टर भूमि, स्थित ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन में प्रधानमंत्री रोड़ पर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसके पूर्व दिशा में-प्रधानमंत्री रोड, पश्चिम दिशा. में भूमि सर्वे क्रमांक 86/1, उत्तर दिशा में भूमि सर्वे क्रमांक 80 व दक्षिण दिशा में-भूमि सर्वे क्रमांक 81 की शेष भूमि उपरोक्त भूमि स्वामी की है, को मय तल. जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा दिनांक-30.06.2026, उज्जैन

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड, उज्जैन मो. 9301376778**

### संशोधन

दैनिक अवन्तिका में दिनांक 30-06-2026 को प्रकाशित जाहिर सुचना में भूमि सर्वे नं0-139/2/2 व 139/3 व 139/4 कुल किता-3 के कुल रकबा 0.38 हैक्टर ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन विक्रेता गफ?फार खां पिता युसुफ खान निवासी ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के स्थान पर मनीष परमार पिता श्री राजाराम परमार निवासी-ग्राम कमेड़ तहसील घट्टिया जिला उज्जैन ही पढ़ा जावें उक्त भूमि इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की हैं ! सूचित हो ! इति दिनांक 30-06-2026,

स्थान- उज्जैन,

**मनोहरसिंह राणावत**
**सर्विस प्रोवाईडर**
**-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**


## पश्चिम रेलवे द्वारा सूरत ⇄ छपरा के बीच विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | संचालन तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09065 | सूरत – छपरा | 07.07.2026 से 28.07.2026 | 07:35 (मंगलवार) | 17:15 (अगले दिन) |
| 09066 | छपरा – सूरत | 08.07.2026 से 29.07.2026 | 23:45 (बुधवार) | 11:15 (शुक्रवार) |

**ठहराव:** भरूच, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, सीहोर, संत हिरददाराम नगर, बीना, वीरगंगना लक्ष्मीबाई झांसी, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंरिहार, गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन, दोनों दिशाओं में।
**संरचना:** एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

- गाड़ी संख्या 09451 / 09452 गांधीधाम – भागलपुर के फेरों को क्रमश: 31.07.2026 और 03.08.2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- गाड़ी संख्या 09465 / 09466 अहमदाबाद – दरभंगा के फेरों को क्रमश: 31.07.2026 और 03.08.2026 तक बढ़ा दिया गया है।

ठहराव, ठहराव के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी संख्या 09065 और गाड़ी संख्या 09451 और गाड़ी संख्या 09465 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग 01.07.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

WESTERN RAILWAY
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुनील कटकानी पिता श्री बसंतीलालजी कटकानी निवासी 19 स्नेहनगर सपना संगीता रोड इंदौर से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0. 240/2 रकबा 0.23 हेक्टर व सर्वे नंबर 243/1 रकबा 0.65 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.88 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है संपूर्ण को संपूर्ण स्वत्वो मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने बाबत सौदा चिट्ठी संपादित की होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर भूमि के अनुबंध पत्र/ विक्रय पत्र का संपादन अपने हित. में करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांकि-30/06/2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन**
**सुबह 11.00 से 07.00 बजे समय**
**मो. 9827792292**

## न्यूज कॉलम



## सुखेड़ा मण्डल द्वारा मीसाबंदी मेहता का किया सम्मान

**जावरा** ।आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष से अधिक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत सुखेड़ा मण्डल द्वारा सुखेड़ा नगर में निवासरत वल्लभ मेहता के निवास पर पहुंचकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा हेतु किए गए उनके संघर्ष, त्याग एवं अदम्य साहस से जुड़े प्रेरणादायी संस्मरणों को सुनने एवं साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। सुखेड़ा मण्डल अध्यक्ष रितेश जैन,पूर्व जिला सह कार्यालय मंत्री बद्रीलाल शर्मा ,मण्ड़ल महामंत्री घनश्याम बैरागी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महादेव प्रसाद नागर, मन की बात प्रमुख आदित्य शर्मा,महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी मधुबाला चन्द्रावत,मण्डल सह कोषाध्यक्ष शिल्पा मेहता, सुखेड़ा उपसरपंच रवि राठौड़ आदि उपस्थित रहे ।

## चन्द्रपुरा बसंत विहार में सीवरेज कार्य से बढ़ीं मुश्किलें, कीचड़ में फंसा डंपर

**रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी**



**मंदसौर।** शहर के चन्द्रपुरा बसंत विहार क्षेत्र में सीवरेज लाइन डालने का कार्य स्थानीय रहवासियों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बन चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा जगह-जगह गड्ढे खोदकर काम को अधूरा छोड़ने के कारण पूरी सड़कें कीचड़ और मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं। मानसून की शुरूआत के साथ ही हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि उबड़-खाबड़ और फिसलन भरे रास्तों पर आए दिन दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद सीवरेज कार्य में लगा एक भारी-भरकम डंपर भी यहाँ के गहरे कीचड़ में बुरी तरह फंस गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर कॉलोनी के नागरिकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है। स्थानीय निवासी गौरव माली, यशवंत गुजराती और अर्जुन प्रजापति सहित अन्य रहवासियों ने प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार जनता की सुरक्षा को ताक पर रखकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ चुका है। इस विकट समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने पहले भी प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया है और स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र गिरि गोस्वामी से भी गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। पीड़ित रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि ठेकेदार ने जल्द ही सड़कों को दुरुस्त कर इसका स्थायी समाधान नहीं किया, तो सभी कॉलोनीवासी उग्र आंदोलन करते हुए चक्काजाम (रोड जाम) करने पर मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट कपिल के योद्धा ने जीता



**मंदसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल नाइट टूनार्मेंट सीजन-2 का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बीच श्कपिल के योद्धाश ने श्राज के शूरवीरश को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि राज के शूरवीर उपविजेता रहे। खेल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज पोरवाल को बेस्ट सेटर, हर्षित पोरवाल को बेस्ट डिफेंडर और संयम जैन को बेस्ट अटैकर के अवार्ड से नवाजा गया। वहीं बेहतरीन खेल दिखाते हुए आकाश जैन ने श्प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंटश का प्रतिष्ठित खिताब जीता। समापन समारोह के दौरान मैदान पर मौजूद बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष संदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नितिन जैन भावगढ़ वाला, समाज के वरिष्ठ शैलेंद्र भगत, रितेश पोरवाल (टीवीस), विकास कोठारी, स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष शुभम पोरवाल, उपाध्यक्ष पीयूष जैन नाहरगढ़ वाला, सहसचिव आयुष जैन, उपाध्यक्ष विशाल जैन और प्रवक्ता नितेश जैन ने विजेता व उपविजेता टीमों को चमचमाती ट्रॉफी और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत अवार्ड सौंपे। आयोजन की सफलता पर दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब ने सभी पदाधिकारियों, संचालक मंडल, कोच अभिषेक सेठिया व उनकी टीम के साथ-साथ दर्शकों और मुख्य प्रायोजकों सीए आशीष जैन, नाकोड़ा मेडिकोज, स्टाइलम मेंस वियर एवं बीटी वेब के प्रति आभार जताया।

## फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली से हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में, दिया ज्ञापन

**मंदसौर।** भोपाल स्थित फामेर्सी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन समय पर न होने और कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में श्एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशनश ने मुख्यमंत्री के नाम एक शिकायती ज्ञापन तहसीलदार प्रियंका मीमरोट को सौंपा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मिथुन गुप्ता ने बताया कि काउंसिल द्वारा 10 दिनों में रजिस्ट्रेशन जारी करने का दावा करने के बावजूद छात्रों को छह महीने से एक साल तक का इंतजार करना पड़ रहा है। समय पर रजिस्ट्रेशन या रिन्यूअल न होने के कारण फार्मासिस्ट न तो अपना मेडिकल स्टोर खोल पा रहे हैं और न ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले पा रहे हैं।

रतलाम में श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न

# समाज को बदलने की असली ताकत ग्रामीण पत्रकारों में - शलभ भदौरिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन रविवार को रतलाम में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह में संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, महापौर प्रहलाद पटेल, डीआरएम अश्वनी कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम सभापति मनीषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। रतलाम जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश जैन ने स्वागत भाषण दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने कहा कि हमें विचार करना होगा कि आखिर समाज हमारे पक्ष में क्यों खड़ा नहीं होता। आज के दौर में पत्रकारों पर हमले क्यों बढ़ रहे हैं। क्या पत्रकारों की कलम पहले से ज्यादा तेज हो गई है या हमने वाकई समाज को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन पत्रकार अंतिम छोर के व्यक्ति के पक्ष में कलम चलाना शुरू कर देगा, पुराना सम्मान वापस लौट आएगा।

शलभ भदौरिया ने संगठन को लेकर कहा कि मैं कई सालों से संगठन अध्यक्ष का पद छोड़ना चाह रहा हूं पर कोई आगे नहीं आ रहा है। फिर भी मैं घिसट घिसट कर भी संगठन का काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि समाज को बदलने की असली ताकत ग्रामीण पत्रकारों में है।

इस मौके पर रतलाम, नीमच और मंदसौर जिलों के पत्रकारों ने प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया का भव्य स्वागत किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम से समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। कई बार तो पुलिस से पहले पत्रकार मौके पर पहुंचते हैं। डीआरएम अश्वनी कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकार ही नीतियों को लागू करवाने का काम करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तस्वीर जैसी है वैसी ही पेश की जाए।

एसपी अमित कुमार ने कहा कि पत्रकारों ने अपनी लेखनी से हमें हमारी जिम्मेदारी दिखाई है। जब सब एक होते हैं तो लेखनी में ताकत होती है। पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी ने कहा कि देश की आजादी में पत्रकारों का बड़ा योगदान रहा है। उस दौर के पत्रकारों ने निर्भयता से कलम चलाई थी। वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी ने कोरोना काल में बंद की गई सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने श्रद्धा निधि से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक की बात रखी और कहा कि तहसील स्तर पर आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है।

सम्मेलन में विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, नीमच जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंदसौर जिला अध्यक्ष हेमंत जैन,उज्जैन संभाग अध्यक्ष मनोज जैन, संभागीय महासचिव राजेंद्र अग्रवाल,छतरपुर संभाग महासचिव प्रतीक खरे, डॉ नरेंद्र सिंह राजावत, भेरूलाल टांक, राजेंद्र राठौर, सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे।

कार्यक्रम में राजेश जैन को रतलाम संभागीय अध्यक्ष, चेनसिंह सोलंकी नीमच को महासचिव और विजय मीणा को रतलाम जिला अध्यक्ष घोषित किया गया तथा दिनेश दबे जिला महासचिव रहेंगे । इस दौरान कई वरिष्ठ पत्रकारों को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब मंदसौर का गवर्नर विजिट संपन्न

# 49 वर्षों में सर्वाधिक 76 हजार डॉलर का रिकॉर्ड योगदान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर**

रोटरी क्लब मंदसौर के वर्ष 2025-26 का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट एवं दानदाता-सहयोगी सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा तथा असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने स्वागत भाषण में सभी सहयोगियों का आभार माना, जिसके बल पर सेवा कार्य सफल हो रहे हैं। आगामी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने वर्ष 2026-27 की भावी योजनाओं की रूपरेखा रखी, जबकि असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी ने नॉर्थ क्लस्टर के ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी।




मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट 3040 के 114 क्लबों में मंदसौर क्लब ने शीर्ष तीन में स्थान बनाया है। क्लब ने इतिहास का सर्वाधिक 76 हजार अमेरिकी डॉलर का योगदान रोटरी फाउंडेशन को दिया जो क्लब के 49 वर्षों के इतिहास का सर्वाधिक योगदान है और मात्र सात दिनों में चार डायलिसिस मशीनों की ग्लोबल ग्रांट स्वीकृत कराई। इस उपलब्धि के लिए प्रमुख सहयोगी अशोक मारू व चंदा मारू समेत पूर्व अध्यक्षों व दानदाताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर समाजसेवी राजाराम तंवर ने देहदान की घोषणा की, गर्ग परिवार ने चार नए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किए तथा दिलीप गर्ग व सुधीर लोढ़ा ने एंडोवमेंट फंड में एक-एक हजार डॉलर का सहयोग दिया। कार्यक्रम में ककरेचा परिवार का भी बहुमान हुआ और जरूरतमंदों को साइकिलें बांटी गईं। कार्यक्रम का संचालन सचिव कपिल भंडारी ने किया तथा आभार आगामी सचिव संजय जैन ने माना।

## काका के साथ मारपीट करने वाले भतीजे को 03 माह का सश्रम कारावास

**नीमच।** विशाल खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच के द्वारा पत्थर से मारपीट कर काका को चोट पँहुचाने वाले आरोपी भतीजे सुरेश पिता गोपाल भांभी, उम्र-27 वर्ष, निवासी-ग्राम जमुनियाखुर्द, जिला नीमच को धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 7 वर्ष पुरानी होकर दिनांक 19.06.2019 की दोपहर के लगभग 2 बजे ग्राम जमुनियाखुर्द स्थित फरियादी बंशीलाल भांभी के खेत की हैं। फरियादी उसके खेत पर मोटर चलाकर पानी भर रहा था, तभी वहा पर उसका भतीजा आरोपी आया और खेत की मेढ़ से पत्थर उठाकर रास्ते में डालने लगा। फरियादी ने पत्थर डालने से मना किया तो आरोपी ने फरियादी के साथ पत्थर से मारपीट की, जिसके कारण उसके सिर पर एवं पाव पर चोट आई थी। फरियादी के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के खेत वालो ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी में अपराध पंजीबद्ध कर आवष्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में आहत एवं चश्मदीद साक्षीगण सहिता सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

## जनसुनवाई में कलेक्टर सुनीं 83 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने मुस्तैदी से 83 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में आए नागरिकों के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष मामलों का उसी दिन त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने समय-सीमा में समस्याओं के समाधान पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े, क्योंकि आमजन को न्याय दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान प्राप्त विभिन्न मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## राजगुरु कॉम्प्लेक्स में हुई नालियों की सफाई

**गरोठ।** गरोठ के राजगुरु कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में भारी बारिश के बाद हुए जलभराव की समस्या को नगर परिषद ने दूर कर दिया है। सोमवार दोपहर बाद परिषद के अमले ने नाली की सफाई कर परिसर में जमा पानी को बाहर निकाला। यह समस्या रविवार को हुई भारी बारिश के बाद उत्पन्न हुई थी। राजगुरु कॉम्प्लेक्स की सड़क और परिसर में पानी जमा हो गया था, जिससे व्यापारियों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हुआ। स्थानीय व्यवसायी जितेंद्र सिंह देवड़ा, अरविंद धनोतिया, दुर्गेश और संदीप बागड़ी ने बताया कि जलभराव के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही थी। उन्हें आशंका थी कि यदि जल्द निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो आगामी बारिश में पानी दुकानों में घुसकर आर्थिक नुकसान पहुंचा सकता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) गिरीश शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने तत्काल सफाई अमले को मौके पर पहुंचकर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीएमओ के निर्देश पर परिषद की टीम सोमवार दोपहर बाद सक्रिय हुई।

## प्रभु श्री जगन्नाथ जी का पंचामृत फलों के रस द्वारा पाद प्रक्षालन तथा भव्य छप्पन भोग का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति थावरिया बाजार द्वारा विगत 29 वर्षो से भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जा रही है। थावरिया बाजार स्थित करीब 350 वर्ष पुराने मालवीय एवं राजस्थानी शिल्प की पारंपरिक मंदिर शैली से निर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन समिति करती चली आ रही है। रथ यात्रा की तैयारियों के अन्तर्गत ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के अवसर पर प्रभु श्री जगन्नाथ जी का पंचामृत फलों के रस द्वारा पाद प्रक्षालन तथा भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा का आमंत्रण समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष मंगल लोढ़ा, सचिव गोपाल शर्मा द्वारा श्री गणेश जी महाराज, श्री हनुमान जी महाराज एवं जगन्नाथ जी के चरणों में अर्पित कर रथ यात्रा आयोजन को भव्य स्वरूप में सम्पन्न कराने की विनती की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। पश्चात आरती कर प्रसादी वितरित की गई ।



समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष मंगल लोढा, सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि रथ यात्रा का दो दिवसीय भव्य आयोजन में प्रथम दिन महिला मंडल द्वारा सुंदर कांड का आयोजन होगा एवं 16 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे भगवान जग्राथ जी की पूजा अर्चना सहस्त्रधारा अभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा तत्पश्चात आरती होगी तथा दोपहर 2.30 बजे भगवान जगन्नाथजी की विशाल भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर सरंक्षक विश्वमोहन लोढ़ा, दीपक चौरसिया, मनोज पालरेचा, कमल सकलेचा, प्रदीप गौड़, श्याम सोनी, अशोक लोढ़ा, सत्यनारायण सोनी, सन्नी सोनी, दिनेश माली, प्रदीप सोनी, नितेश त्रिवेदी, हितेश कामरेड एवं सेवावीर परिवार के महेश चोरसिया, अशोक चौरसिया, महिला मंडल से हेमलता सोनी, सुनिता चौरसिया, किरण सोनी, सुनिता मिश्रा, रमा चौरडि?ा, रानी झाला, पुष्पा जायसवाल, रजनी चौरसिया, अंजना अंग्रवाल, कुसुम राठौड़, मांगू बाई, टीना परिहार, गज्जु जीजी, हेमलता शर्मा, माया चौरसिया, उमा शर्मा, पुष्पा सोनी, गायत्री माहेश्वरी कमला बैरागी, मधु गौड़, सुनीता गौड़, सुनीता शर्मा, मंजु गौड़ आदि सदस्यगण उपस्थित थे। समिति द्वारा धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है ।



## कलेक्टर ने पिपलोदा क्षेत्र में भ्रमण किया

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने पिपलौदा तहसील के ग्राम राकोदा, बडायला माता जी, अयाना में किसान पहचान पत्र शिविर का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने पेयजल प्रबंधन, मानसून के दौरान अतिवृष्टि से बचाव आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों से आगामी फसल बुवाई , उर्वरक आदि के संबंध में चर्चा की, ग्राम वासियों की समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दिए ,तत्पश्चात तहसील कार्यालय पिपलौदा का निरीक्षण कर पोर्टल पर योजनाओं की प्रगति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एसडीएम श्रीमती रचना शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस महासचिव नियुक्त होने पर शर्मा एवं पाटीदार का स्वागत



**पिपलीया मंडी।** संगठन सृजन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर की जिला कार्यकारिणी में क्षेत्र के कद्दावर कांग्रेसनेता ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,किसान नेता तुलसीराम पाटीदार को महासचिव नियुक्त होने पर मंगलवार को टिलाखेड़ा बालाजी के यहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजेश मालेचा की उपस्थिति में एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश ररोतीया की अगुवाई में शर्मा एवं पाटीदार का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनिल मुलासिया,पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,महेश धनगर, यशपाल वाघेला, युवराज वाघेला आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा

**रतलाम।** सिविल सर्जन डॉ ए पी सिंह ने बताया कि डॉक्टर्स डे का आयोजन प्रतिवर्ष 1 जुलाई को किया जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय रतलाम सहित विभिन्न चिकित्सक संगठन द्वारा द्वारा 1 जुलाई को वर्ष 2023 से रक्तदान किया जा रहा है। डॉक्टर संगठन के पदाधिकारी डॉ भरत निनामा ने सभी चिकित्सकों , मेडिकल स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आमजन से रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर जिला चिकित्सालय रतलाम में रक्तदान करने की अपील की है।

## जैन सोशल ग्रुप मैत्री का मद्रासी थीम का आयोजन खूब चर्चित रहा



**जावरा ।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री परिवार द्वारा मद्रासी थीम पर आधारित एक अनूठा और भव्य आयोजन किया। जिसमें मैत्री परिवार के दंपति साथियों को सीधे दक्षिण भारत के संस्कृतक सफर पर ले जाने का एहसास करवाया गया। जिसमें करीब 100 से अधिक दंपतियों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने कहा मैत्री परिवार के प्रत्येक आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि नगर की शान बन जाता है। संदीप राँका ने कहा कि हमारी असली ताकत टीम वर्क है। हमारी भारतीय परंपरा अनुसार स्वाद और संस्कृति का अनूठा संगम है। ग्रुप अध्यक्ष संदीप श्रीमाल ने स्वागत भाषण दिया। प्रचार सचिव मनीष मेहता ने बताया कि नगर में पहली मर्तबा मद्रासी टीम का पर आयोजित आयोजन ड्रेस अप सजावट भोजन आदि पारंपरिक रहा । इस मौके पर लायंस क्लब के निर्वाचित सचिव राँका पंकज कांठेड विशाल चतर संदीप दसेडा विपिन चोरडिया एवं शरद डूंगरवाल का सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया । इस मौके पर अन्य कई आयोजन हुए।

## पवांर 43 वर्ष की सराहनीय सेवा उपरांत 30 जून को निकाला स्वागत जुलूस



**पिपलिया मंडी।** मप्र प.क्षै.वि.वि.कं. लिमिटेड के पिपलिया मंडी कार्यालय से अपनी 43 वर्ष की पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सराहनीय सेवा प्रदान कर 30 जून 2026 मंगलवार को सेवानिवृत्ति उपरांत विभागीय कर्मचारियों द्वारा स्वागत कर भावभीनी विदाई दी गई। इसी उपलक्ष्य में बैंड बाजे के साथ राष्ट्रगान की धुन पर विशाल भव्य जुलूस आयोजित किया गया जगह-जगह स्नेही जनों ने एवं परिजनों ने आपके कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कारी।



## नवकार ग्रुप द्वारा स्नेह मिलन एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**महिदपुर।** स्थानीय होटल सुंदर शांति में नवकार ग्रुप द्वारा स्नेह मिलन समारोह एवं ₹मां के नाम पत्र₹ लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र एवं मेरी भावना प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर तंबोला एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात ₹मां के नाम पत्र₹ लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को हृदयस्पर्शी शब्दों में व्यक्त किया। प्रतियोगिता में अनीता चोपड़ा ने प्रथम, ज्योति धाकड़ ने द्वितीय तथा प्रियंका मेहता एवं निशा नाहर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में साधना डोसी एवं सुषमा खेमसरा उपस्थित रहीं। विजेताओं एवं खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। आभार सचिव रेखा आचलिया ने व्यक्त किया।

## भारतीय सेना में चयनित हुए विशाल गरासिया, गांव में निकला स्वागत जुलूस



**महिदपुर।** ग्राम आमेडी खेड़ा कटन के युवा विशाल गरासिया पिता राधेश्याम गरासिया के भारतीय सेना में चयनित होने पर पूरे गांव में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने विशाल का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। भारतीय सेना में चयन की खुशी में गांव में ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति के जयघोष के साथ विशाल गरासिया का भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह के दौरान एक भावुक क्षण भी देखने को मिला। विशाल के सेना में चयन से उनके एक करीबी मित्र की आंखें नम हो गईं। वर्षों की दोस्ती और साथ बिताए गए संघर्षपूर्ण पलों को याद करते हुए वह भावुक हो उठा। दोनों मित्रों के बीच का यह भावनात्मक दृश्य उपस्थित लोगों के दिलों को छू गया और सभी ने उनकी सच्ची मित्रता की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि विशाल गरासिया की यह सफलता पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धि से अन्य युवाओं को भी देश सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा मिलेगी। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि विशाल भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## मुहर्रम के तीजे कार्यक्रम का आयोजन, समाजसेवियों व मेधावी छात्रा का सम्मान



**भौरासा।** नगर में मुस्लिम समाज द्वारा मुहर्रम पर्व के अंतर्गत तीजे के कार्यक्रम का आयोजन आजाद चौक पर अंजुमन मुस्लिम कमेटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुहर्रम पर्व के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और अखाड़ों के उस्तादों का साफा पहनाकर एवं पुष्पहार से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी रहे। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, काजी वहाब खान, नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर, तिनो मोहल्लों के पेश इमाम, सरपंच व पार्षद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। इस दौरान अंजुमन मुस्लिम कमेटी के सदर आफताब आलम ने शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा इसरा शेक को लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम का समापन समाज की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की की दुआ के साथ हुआ। बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

## सगवाली में दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई



**महिदपुर रोड।** ग्राम सगवाली में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सोमवार को गांव की महिलाएं अपने 0 से 5 वर्ष तक के आयु के बच्चों को आरोग्य केंद्र पर पल्स पोलियो की दवा पिलाने आई। पल्स पोलियो अभियान के दौरान दो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ एएनएम छाया मेहरा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम दवा पिलाकर अभिभावक को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया अभियान के दौरान सरपंच भूपेंद्र सिंह राठौड़ सचिव पन्नालाल कुमावत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टीना पांचाल विष्णु वर्मा आंगनवाड़ी सहायिका पेपाबाई ज्योति वर्मा आशा कार्यकर्ता सपना परमार आदि मौजूद थे

### सोसायटियों से डीएपी खाद गायबः खेती हुई महंगी, किसानों के छुट रहे पशीने

# खरीफ सीजन से पहले एनपीके के दाम बढे, डीजल के रेट पहले से ऊपर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

खरीफ सीजन की बोवनी से पहले ही किसानों पर महंगाई की दोहरी मार पड रही है। सोसायटियों और गोदामों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है, जबकि इसके विकल्प के रूप में इस्तेमाल होने वाली एनपीके खाद की कीमत 2100 से 2400 रुपए प्रति बोरी तक पहुंच गई है।

इसके साथ ही डीजल के दाम करीब 8 रुपए प्रति लीटर बढ़ने से खेती की लागत में प्रति हेक्टेयर 5 से 6 हजार रुपए तक का इजाफा हो गया है। विकासखंड में मानसून आ चुका है और किसान सोयाबीन, मक्का के लिए खेत तैयार कर चुके हैं, लेकिन इन बढ़ते खर्चों ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।

विकासखंड में 80 फीसदी आबादी एवं 50 हजार से ज्यादा खेती पर निर्भर हैं। यहां करीब 81670 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोवनी होनी है, जिसमें 78000 हेक्टेयर में अकेले सोयाबीन लगाई जाती है। किसानों का कहना है कि पहले डीएपी खाद 1350 रुपए प्रति बोरी मिल जाती थी, जो इस बार अधिकांश सोसायटियों में है ही नहीं। मजबूरी में किसान जो एनपीके खाद खरीद रहे हैं, वह कुछ महीने पहले 1450 रुपए की थी, लेकिन अब यह 2100 से 2400 रुपए प्रति बोरी बिक रही है। इसी तरह एसएसपी पाउडर 465 से बढ़कर 565 रुपए और दानेदार एसएसपी 505 से 605 रुपए प्रति बोरी हो गया है

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर का कहना है कि 10 बोरी खाद खरीदने पर ही किसान को 6 से 7 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड रहा है। बढ़ी हुई खेती की लागत को देखते हुए सरकार को फसलों के समर्थन मूल्य उसी अनुपात में तय करने चाहिए।




**सारंगपुर वेयर हाउस में सिर्फ 100 टन डीएपी ही वितरण**

मप्र विपणन संघ सारंगपुर वेयरहाउस प्रबंधक मनीष तिवारी के अनुसार खरीफ सीजन के लिए हमारे पास करीब 2600 टन यूरिया, 300 टन एनपीके उपलब्धि है। इसमें 700 टन यूरिया, 500 टन एनपीके और 100 टन डीएपी खाद किसानों को बांटी जा चुकी है।

**एनपीके खाद 650 रुपए महंगी, 1450 की बोरी अब 2100 रुपए में**

सरकारी सोसायटियों और गोदामों से पारंपरिक 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी खाद लगभग गायब है। उसकी जगह किसानों को महंगे दामों वाले एनपीके विकल्प का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन विकल्प के रूप में उपयोग किया जाने वाला एनपीके खाद अब 650 रुपए महंगा हो गया है। पिछले महीने तक 1450 रुपए प्रति बोरी मिलने वाला एनपीके अब 2100 रुपए में मिलेगा। इससे बोवनी की लागत भी बढ जाएगी। क्योंकि किसानों को प्रति एकड एक बोरी डीएपी और दो बोरी यूरिया मिलती है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

नगर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामले में अज्ञात बदमाशों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना उस समय हुई जब मकान मालिक परिवार सहित इंदौर गया हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर परिवार तत्काल सुसनेर पहुंचा, जहां घर का मुख्य दरवाजा और अलमारी के ताले टूटे मिले। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 2, पीडावा रोड स्थित प्रेम राठौर की चक्की वाली गली निवासी गयासउद्दीन पिता फय्याजउद्दीन कुरेशी (36 वर्ष) जमीन खरीद-फरोख्त का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने बताया कि 27 जून की शाम करीब 4 बजे वह अपनी पत्नी सबाना कुरेशी एवं पुत्री अक्सा कुरेशी के साथ इंदौर स्थित ससुराल गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। रविवार सुबह करीब 6:45 बजे पड़ोसी आरिफ खान मंसूरी ने उनकी पत्नी के मोबाइल पर फोन कर बताया कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला पड़ा है। सूचना मिलते ही परिवार तत्काल सुसनेर लौटा। घर पहुंचकर देखा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीछे स्थित बेडरूम में रखी गोदरेज अलमारी का ताला भी तोड़ा गया था।



अलमारी में रखे पुराने सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें एक सोने का हार, दो जोड़ी चांदी की पायजेब, एक सोने की छोटी बाली, एक सोने की नाक की लोंग, एक चांदी का कड़ा तथा एक चांदी का नारियल शामिल है, गायब मिले। फरियादी ने पुलिस को बताया कि जेवर पुराने इस्तेमाल के होने से उनके बिल उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सामने आने पर वह और उनकी पत्नी उनकी पहचान कर सकते हैं। इसके बाद गयासउद्दीन अपने मित्र डॉ. मोहसीन खान के साथ थाना सुसनेर पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज**

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता का माहौल है और पुलिस से शीघ्र खुलासे की मांग की जा रही है।



## खिलाड़ियों का राष्ट्रीय पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

**ब्यावरा।** 14वीं राष्ट्रीय जूनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता, नासिक (महाराष्ट्र) में विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कनिष्का शर्मा पिता योगेंद्र शर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं नैतिक गौर पिता सुरेश गौर ने भी प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। कनिष्का शर्मा की इस उपलब्धि से विद्यालय, जिले एवं मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उनकी सफलता से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर विद्यालय में विजेता खिलाड़ियों का फूलमालाओं एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय संचालक शिवम चन्द्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी तथा समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं इष्ट मित्रों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ग्राम पंचायत निहाल पुलिस ने लगाई ग्राम चौपाल

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम ग्राम पंचायत निहाल में सारंगपुर पुलिस ने थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के निर्देशन में ग्राम चौपाल लगाकर साइबर अपराधों को रोकने की जानकारी दी। इस दौरान एएसआई आनंदी भिलाला एवं हरिनारायण यादव ने चौपाल में लोगों को जागरूक किया और साइबर अपराधों को रोकने के लिए समझाइश दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट के बढते इस्तेमाल के साथ साइबर फ्रॉड के मामले भी तेजी से बढ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की जागरूकता जरूरी हैं ताकि सीधे-साधे लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवाने से बच सकें।

### वर्षा ऋतु का जल बचाकर हम संवार सकते हैं अपना भविष्य

# जल गंगा सर्वधन अभियान का समापन कार्यकम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड




सोमवार को क्लस्टर मुख्यालय ग्राम पंचायत डेलची बुजुर्ग में जल गंगा समर्थन अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शासन स्तर एवं वरिष्ठालय के निदेर्शा अनुसार जल गंगा संर्वधन अभियान का समारोह पूर्वक समापन अतिथियों की उपस्थिति में हुआ कार्यकम में विधायक दिनेश जैन बोस, जनपद अध्यक्ष कृष्णा शिवनारायण सूर्यवंशी पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान बतौर अतिथि उपस्थित रहे कार्यकम में जल गंगा सर्वधन अभियान 2026 अन्तर्गत समापन के अवसर पर एकत्रित हुए जो कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में सामूहिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम है। जल संरक्षण केवल सरकार का कार्यकम न रहे अपितु समाज का संस्कार बने। जल केवल एक प्राकतिक संसाधन नही है। बल्कि जीवन विकास, समृद्धि, और आने वाली पीढियो की सुरक्षा का आधार है। सोमवार को ही खण्ड क्षेत्र की सभी 120 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया।

कार्यकम में ग्राम पंचायत के श्यामूबाई कैलाश वर्मा सरपंच, डॉ. मारीषा शिंदें प्रभारी उपायुक्त विकास एवं पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, सुषमा सिरोले सहायक यंत्री पीएचई, नायब तहसीलदार, पूनम चादना एवं अरूण चौधरी कमल पाटीदार सहित आसपास की ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# ई अटेंडेंस नहीं तो वेतन नहीं, शिक्षकों पर डिजिटल हाजरी का नया दबाव

### एक जुलाई से हमारे शिक्षक ऐप पर उपस्थिति अनिवार्य, नेटवर्क और सर्वर समस्या बढी चुनौती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही ई-अटेंडेंस व्यवस्था एक बार फिर चर्चा में आ गई है। राज्य शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि 1 जुलाई 2026 से स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी शिक्षक, अतिथि शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। नई व्यवस्था के तहत ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होने पर नियमित शिक्षकों का वेतन तथा अतिथि शिक्षकों का मानदेय रोका जा सकता है। शासन का उद्देश्य विद्यालयों में कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करना और फर्जी हाजिरी पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह व्यवस्था शिक्षकों के लिए नई परेशानियां खडी करती दिखाई दे रही है। विकासखंड में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर सैकडों शिक्षक कार्यरत है, जबकि आगामी सत्र में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियां भी प्रस्तावित है। ऐसे में हजारों कर्मचारियों को प्रतिदिन मोबाइल ऐप के माध्यम से जियो-फेंसिंग




आधारित उपस्थिति दर्ज करनी होगी। ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों का कहना है कि कई विद्यालयों में इंटरनेट नेटवर्क बेहद कमजोर है। कई बार विद्यालय परिसर में मौजूद रहने के बावजूद ऐप लोकेशन स्वीकार नहीं करता और शिक्षक को विद्यालय से बाहर दर्शाता है। सर्वर डाउन, ऐप क्रैश, जीपीएस की त्रुटियां और मोबाइल डेटा की बढती खपत जैसी समस्याएं भी लगातार सामने आ रही है।

**ये है जियो-फेंसिंग तकनीक और इसलिए बढ रही समस्या**

जियो-फेंसिंग एक लोकेशन आधारित डिजिटल तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की निर्धारित स्थान पर मौजूदगी की पुष्टि की जाती है। शिक्षक का मोबाइल जीपीएस चालू होने पर ऐप उसकी वर्तमान लोकेशन को विद्यालय की निर्धारित सीमा से मिलाता है। यदि शिक्षक तय दायरे में है तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है, अन्यथा नहीं। इससे फर्जी उपस्थिति पर रोक लगाने और निगरानी मजबूत करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर नेटवर्क, जीपीएस त्रुटि, गलत लोकेशन मैपिंग और ऐप की तकनीकी खामियां शिक्षकों के लिए बडी समस्या बन रही हैं। कई बार स्कूल परिसर में मौजूद रहने के बावजूद उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती।

**स्कूल प्राचार्य की रहेगी जवाबदेही**

संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ सभी प्राचार्यों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस का उपयोग सुनिश्चित करें। प्राचार्यों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे ई-अटेंडेंस के सही ढंग से दर्ज होने का ध्यान रखें। यदि ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्राचार्य की होगी। संचालनालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो शिक्षक हमारे शिक्षक एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे, उन्हें उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा। ऐसे शिक्षकों को उस दिन का वेतन भी नहीं दिया जाएगा। यह निर्देश 1 जुलाई से सख्ती से लागू हो जाएगा।

**तकनीकी खामियां शिक्षकों को कर रहीं परेशान**

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछली बार भी ई-अटेंडेंस व्यवस्था तकनीकी समस्याओं से घिरी रही थी और इस बार भी स्थिति में विशेष सुधार नहीं दिख रहा है। ऐप के बार-बार हैंग होने, सर्वर नहीं चलने, मोबाइल डेटा और बैटरी की अधिक खपत जैसी समस्याओं से शिक्षक परेशान है। कई बार शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहता है, लेकिन ऐप लोकेशन के आधार पर पूछता है कि वह स्कूल से दूर क्यों है। संगठन ने फेस रीडिंग या बायोमेट्रिक मशीन जैसी वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने की मांग की है। वही दूसरी तरफ शिक्षक संगठन ने ई-अटेंडेंस के विरोध में दायर याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने के बाद अब शासन से व्यावहारिक समाधान की मांग तेज कर दी है।



## सरस्वती विद्या मंदिर बड़ौद में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन

**बडौद।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर (उ.मा.वि.) बड़ौद में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं की परिक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लाने वाले भैंया/बहिनों एवं उनके पालको का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलेश सोनी (विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी , विकासखण्ड बड़ौद) , विशेष अतिथि कमलेशकुमार जैन प्रबंध समिति सदस्य , संजयभावसार , मनोजकुमार जैन , संस्था प्राचार्यं नारायणसिंह मल्डावदिया एवं अध्यक्षता वियजकुमार जैन (संस्था अध्यक्ष ) ने की। अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्यं मुकेशरावधुले ने कराया। अतिथि स्वागत दिनेशकुमार भावसार , रविन्द्र पोरवाल ने किया। इसके पश्चात कक्षा 5वीं में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लाने वाले भैंया/बहिनो एवं उनके पालको का स्वागत कुमकुम तिलक लगाकर एवं भैंया को प्रतिक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र एवं उनके पाल्य अभिभावको का स्वागत कुमकुम तिलक लगाकर एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा भैंया/बहिना को शुभकामनाएँ दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भैंया/बहिन एवं समस्त आचार्य/दीदी परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ आचार्यं मुकेशरावधुले ने माना।

## नाज़िया इलाही खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



**सुसनेर।** जमीअत उलेमा-ए-हिंद कमेटी सुसनेर ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से कलेक्टर आगर मालवा के नाम ज्ञापन सौंपकर नाज़िया इलाही खान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि नाज़िया इलाही खान द्वारा सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) तथा उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा (रज़ि.) के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की कथित टिप्पणियां न केवल करोड़ों मुस्लिम समुदाय की आस्था पर आघात करती हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य और अशांति का वातावरण भी उत्पन्न कर सकती हैं। संगठन ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने और उसकी गरिमा बनाए रखने का अधिकार देता है। ऐसे में किसी भी धर्म के पूजनीय व्यक्तित्वों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करना गंभीर विषय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जमीअत उलेमा-ए-हिंद कमेटी सुसनेर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## वर्षो से फरार स्थाई वारंटियों को पुलिस ने दबिश देकर किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बोडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 09 तथा 04 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट सारंगपुर के एमजेसी 213/2017 धारा 125सी आर पी सी में जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी ज्वाला पिता बलराम सांसी निवासी कड़िया सासी का पिछले 09 साल तथा न्यायालय राजगढ़ के प्रकरण नंबर 816/2823 धारा 34(2) आबकारी एक्ट मे जारी स्थाई वारंटी लखन पिता भगवान सिंह सांसी निवासी ग्राम गुलखेड़ी पिछले करीब 04 वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार प्रयास किए गए, किंतु वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचते रहे ।थाना प्रभारी बोडा को सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी ग्राम कड़िया सासी में छिपे हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त दोनों वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## महिलाओं ने पूर्णिमा पर वृक्ष की पूजा कर अखंड सौभाग्य का वर मांगा



**बड़नगर।** वट पूर्णिमा सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा फूल फल, अक्षत, कंकू चढ़ाकर की व दीप प्रज्ज्वलित कर कच्चा सूत लपेटते हुए बरगद वृक्ष के फेरे लगाए। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी से अपने परिवार के लिए सुख ,समृद्धि एवं पति के लिए अखंड सौभाग्य का वर मांगा।



अक्सर लोग दो-मुंहे बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में इससे राहत के लिए चावल और अलसी के बीज के टोनर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए लेख में जानें।

# दोमुंहे बालों से बचाव के लिए होममेड टोनर

कई लोग बालों के रूखेपन और दो-मुंहे बालों की समस्या से परेशान रहते हैं, जो एक आम समस्या बन गई है। बार-बार हीट स्टाइलिंग, प्रदूषण, गलत हेयर केयर और पोषण की कमी के कारण बाल कमजोर और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में राइस वॉटर यानी चावल के पानी और अलसी से बने घरेलू हेयर टोनर का इस्तेमाल किया जा सकता है। राइस वॉटर में अमीनो एसिड, विटामिन बी, विटामिन ई और इनोसिटोल नामक तत्व पाया जाता है। यह बालों की बाहरी परत को मजबूत बनाने में मदद करता है और बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाता है। इससे बालों में उलझन और टूटने की समस्या भी कम हो सकती



## राइस वॉटर और अलसी का हेयर टोनर बनाने का तरीका

इस हेयर टोनर को बनाने के लिए एक पैन में 1 कप पानी और अलसी के बीज डालें। इसे 5-7 मिनट तक उबालें, जब तक हल्का जेल न बन जाए। इस मिक्सचर को छानकर ठंडा होने दें। अब इसमें चावल का पानी मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिलाकर स्प्रे बोतल में भर लें।

## हेयर टोनर को इस्तेमाल करने का सही तरीका

बाल धोने के बाद हल्के गीले बालों पर इस टोनर को स्प्रे करें। इसे स्कैल्प और बालों की लंबाई पर सही तरीके से लगाएं। इसके बाद बालों को नेचुरल रूप से सूखने दें। इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार किया जा सकता है। दोमुंहे बालों से राहत के लिए समय-समय पर ट्रिमिंग जरूरी है। हालांकि यह घरेलू टोनर बालों को हाइड्रेट रखने, आगे होने वाले नुकसान को कम करने और बालों की बनावट में सुधार करने में मदद कर सकता है।

## अलसी के बीज कैसे करते हैं बालों की देखभाल?

अलसी के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। अलसी से बनने वाला जेल बालों को नेचुरल नमी देने में मदद करता है, जिससे रूखे और फ्रिजी बाल ज्यादा स्मूद दिखाई देते हैं। यह बालों को कोटिंग देकर उन्हें हेल्दी और शाइनी बनाने में मदद करता है।

## चावल के पानी को बालों में लगाने से क्या होता है?

बालों में चावल के पानी को लगाने से बालों को जड़ों से मजबूती देने, बालों को घना बनाने, शाइनी बनाने, बालों को कंडीशन करने, बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों को झड़ने से रोकने और नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।

## हेल्दी बालों के लिए क्या करें?

बालों को हेल्दी और घना बनाए रखने के लिए बालों में केमिकल प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचें, नियमित रूप से बालों को धोएं, स्कैल्प की मालिश करें, हीट स्टाइलिंग टूल्स के इस्तेमाल से बचें और हेल्दी और पोषक तत्वों से युक्त फूड्स खाएं।

# ज्यादा स्क्रब करने या केमिकल वाले फेस वॉश से खराब हो गई स्किन?

कई बार लोग चेहरे को साफ करने के चक्कर में ज्यादा स्क्रब कर देते हैं, जिसके कारण स्किन बैरियर के डैमेज होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसको ठीक करने के लिए कुछ उपायों को अपनाया जा सकता है।

आज के समय में ग्लोइंग स्किन के लिए लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग चेहरे को बार-बार साफ करते हैं, तो कुछ नियमित रूप से स्क्रब और एक्सफोलिएटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, जरूरत से ज्यादा एक्सफोलिएशन और हार्ड साबुनों का इस्तेमाल स्किन को फायदा देने के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है। इससे त्वचा की नेचुरल प्रोटेक्टिव लेयर यानी स्किन बैरियर कमजोर हो सकती है, जिसके कारण स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।




ष्स्किन बैरियर त्वचा की सबसे बाहरी प्रोटेक्टिव लेयर होती है। यह त्वचा में नमी बनाए रखने के साथ-साथ धूल, प्रदूषण, बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक तत्वों से बचाव करने का काम करती है। जब यह लेयर डैमेज हो जाती है, तो त्वचा अपनी नेचुरल प्रोटेक्शन को खोने लगती है। जब स्किन बैरियर कमजोर हो जाता है, तो स्किन में रेडनेस, जलन, स्किन के ज्यादा ड्राई होने, सेंसिटिविटी बढ़ने, छोटे-छोटे दाने होने, खुजली होने या ब्रेकआउट होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इनमें त्वचा का अत्यधिक रूखा होना, लालिमा, जलन, संवेदनशीलता बढ़ना, खुजली और छोटे-छोटे दाने या ब्रेकआउट शामिल हो सकते हैं। कई बार लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए और ज्यादा प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने लगते हैं, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है। ष्कई बार ज्यादा कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से स्किन के नेचुरल ऑयल के खत्म होने और प्रोटेक्टिव लेयर के कमजोरी होने की समस्या होती है। ऐसे में स्किन बैरियर को रिपेयर करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

स्किन बैरियर को ठीक करने के लिए सबसे पहले उन हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बंद करें, जो स्किन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ हफ्तों के लिए स्क्रब, एक्सफोलिएटिंग एसिड्स, अल्कोहल युक्त टोनर और स्ट्रॉग क्लेंजर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह एक जेंटल और बिना खुशबू वाला क्लेंजर चुनें, जो स्किन को साफ तो करे, लेकिन उसे और ज्यादा नुकसान न पहुंचाए। इसके अलावा, गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से चेहरा धोने से भी नमी को और ज्यादा कम होने से रोका जा सकता है।



## एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

# वर्ल्डकप हारने वाली दो खिलाड़ी बाहर, हरमनप्रीत ही होंगी कप्तान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगले महीने जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। सिलेक्टर्स ने हरमनप्रीत कौर को ही कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 हारने वाली टीम में दो बदलाव किए गए हैं। विकेटकीपर यास्तिका भाटिया की जगह जी. कमलिनी को टीम में शामिल किया गया है, जबकि प्रेमा राउत को बाहर कर दिया गया है। वहीं, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर चयनकताओं ने भरोसा बरकरार रखा है। खराब फॉर्म से जूझ रही विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। उनकी जगह हढछ में मुंबई इंडियंस से खेलने वाली 17 साल युवा विकेटकीपर जी. कमलिनी को मौका दिया गया है। यास्तिका वर्ल्ड कप के दौरान मिले मौकों का वे फायदा नहीं उठा सकीं।



उन्होंने 4 मैचों की 3 पारियों में 13.66 की औसत और 117.14 के स्ट्राइक रेट से केवल 41 रन बनाए।

स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद टीम में जगह दी गई है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ टखने में चोट के कारण पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गई थीं। उनकी जगह वर्ल्ड कप टीम में शामिल प्रेमा रावत को इस बार मौका नहीं मिला। पेस अटैक की जिम्मेदारी रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग में राधा यादव और श्रेयांका पाटिल मुख्य चेहरा होंगी।

## न्यूजीलैंड ने 27 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बेन स्टोक्स अपने आखिरी इंटरनेशनल मैच को जीत के साथ यादगार बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 373 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 212 रन पर सिमट गई। इसी के साथ कीवी टीम ने 27 साल बाद इंग्लैंड में कोई सीरीज जीती। टीम ने इससे पहले 1999 यह कारनामा किया था। यह न्यूजीलैंड की इंग्लैंड में 20 टेस्ट सीरीज में सिर्फ चौथी जीत है। खास बात यह रही कि

## जर्मनी फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर, पैराग्वे और मोरक्को पेनल्टी शूटआउट में जीते

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फुटबॉल वर्ल्ड कप में मंगलवार को बड़ा उलटफेर हुआ। पैराग्वे ने चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर बाहर कर दिया। जर्मनी टूनार्मेंट के इतिहास में पहली बार पेनल्टी में हारी है।

इससे पहले 5 बार की चैंपियन ब्राजील ने रोमांचक मुकाबले में जापान को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह जीत 1958 में स्वीडन में जीते उसके पहले वर्ल्ड कप की सालगिरह के दिन आई। टीम 20वीं बार राउंड ऑफ-16 में पहुंची है।

एक अन्य मुकाबले में मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया। ब्राजील अब राउंड ऑफ-16 में आइवरी कोस्ट या नॉर्वे से भिड़ेगा, जबकि पैराग्वे का मुकाबला फ्रांस और स्वीडन के विजेता से होगा। मोरक्को का मैच 4 जुलाई को कनाडा से होगा।

फॉक्सबोरो में फीफा रैंकिंग में 34वें नंबर की टीम पैराग्वे ने राउंड ऑफ 32 में 12वें नंबर की जर्मनी को कड़ी टक्कर दी। निर्धारित समय और इंजरी टाइम के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। पेनल्टी शूटआउट में जोस कैनाले ने पहला सडन डेथ पेनल्टी गोल किया, जबकि गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो अहम बचाव कर टीम को जीत दिलाई। इधर, ह्यूस्टन में ब्राजील की जीत आखिरी क्षणों में आई। दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे गैब्रियल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल कर मुकाबला खत्म होने से ठीक पहले टीम को जीत दिला दी। ब्राजील 20वीं बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची है।

## विंबलडन के पहले दिन चैंपियन सिनर हारने से बचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में टेनिस के सबसे पुराने टूनार्मेंट विंबलडन की शुरूआत हो गई है। पहले दिन सोमवार को डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ 1-2 से पिछड़ने के बाद लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला जीत गए।

चौथे सेट के दौरान सिनर के जूते से खून बाहर आने लगा था। मैच के बाद उन्होंने बताया कि उनके पैर के अंगूठे का नाखून उखड़ गया था, लेकिन वे दर्द के बावजूद खेलते रहे। एक समय ऐसा लग रहा था कि उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ेगा। लेकिन, इटैलियन स्टार ने हार नहीं मानी और जीत हासिल की।

महिला एकल में जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रांस की एल्सा जैकमोट को 6-1, 7-5 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

25वें ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश में जुटे सर्बिया के 39 साल के नोवाक जोकोविच ने चीन के वू यिबिंग को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। हालांकि, जीत के लिए उन्हें चार सेट तक खेलना पड़ा।

जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से हारने के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरे थे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'आज का मैच मेरे लिए वाकई चुनौतीपूर्ण था। मैं जीत से खुश हूं, लेकिन पूरी तरह तरोताजा महसूस नहीं कर रहा हूं। सच कहूं तो कोर्ट पर ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि यह टूनार्मेंट का पहला ही दौर है।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**कार ड्रायवर चाहिये**
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
JOMO Jomoride
Saral
9179179929, 8602299929

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### 44 दिन के मासूम की तीन फीट ऊंचे बेड से गिरने के कारण मौत

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में 44 दिन के मासूम की बेड से गिरने के बाद मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात रुक्मणी नगर, छोटा बांगड़दा में हुआ। बच्चे की मां वॉशरूम गई थी। इसी दौरान बच्चा करवट लेते हुए करीब तीन फीट ऊंचे बेड से नीचे गिर गया। रोने की आवाज सुनकर पिता की नींद खुली। उन्होंने देखा कि बच्चे के चेहरे और मुंह पर चोट लगी थी। परिजन पहले बच्चे को पास के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह करीब 5 बजे बच्चे की मौत हो गई। एरोड्रम थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि मृतक की पहचान प्रियांशु पुत्र चंद्रशेखर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एमवाय अस्पताल में बच्चे का पोस्टमार्टम कराया गया। परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और इंदौर में किराये के मकान में रहता है। बच्चे के पिता चंद्रशेखर कुमार सिलाई का काम करते हैं। परिवार में दो साल की एक बेटी भी है।

### इंग्लैंड में रहने वाले परिचित का वॉट्सएप हैक कर इंदौर में महिला से एक लाख की ठगी

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में वॉट्सएप हैक कर मेडिकल इमरजेंसी का झांसा देकर एक महिला से एक लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इंग्लैंड में रहने वाले अपने परिचित के नाम से आए वॉट्सएप मैसेज पर भरोसा कर दो किश्तों में रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में फोन पर बात करने पर पता चला कि परिचित का वॉट्सएप अकाउंट हैक हो चुका था। पुलिस के अनुसार उषागंज छावनी निवासी राबिया खान पत्नी नासिर खान ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 20 जून को उनके परिचित इंग्लैंड निवासी याकूब खान के मोबाइल नंबर से वॉट्सएप मैसेज आया। मैसेज में मेडिकल इमरजेंसी बताकर तुरंत पैसों की जरूरत होने की बात कही गई और एक पंजाब नेशनल बैंक का खाता नंबर भेजा गया। परिचित की मदद करने के उद्देश्य से राबिया ने बिना किसी से चर्चा किए और बिना कॉल पर पुष्टि किए, दो बार में 50-50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के कुछ देर बाद उन्होंने याकूब खान को कॉल किया। तब उन्हें पता चला कि उनका वॉट्सएप अकाउंट हैक हो गया है और किसी ने उनके नाम से फर्जी मैसेज भेजे हैं।

### थाने में हथकड़ी से हाथ निकालकर फरार हुए बदमाश की तलाश में जुटी पुलिस

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाने से मंगलवार को अवैध शराब के मामले में पकड़ा गया एक आरोपी संतरी को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि कुख्यात बदमाश के पास उसे हथकड़ी लगाकर बैठाया गया था। इस दौरान उसने हथकड़ी से हाथ निकाल लिया और फरार हो गया। हालांकि, थाने के वरिष्ठ अधिकारियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, उन्होंने आरोपी की तलाश के लिए टीमों को रवाना कर दिया। द्वारकापुरी पुलिस ने साबिर उर्फ गज्जू, निवासी अहीरखेड़ी, को सोमवार रात गिरफ्तार किया था। साबिर अवैध शराब के एक मामले में फरार चल रहा था। मंगलवार को वह थाने से हथकड़ी से हाथ निकालकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने उसकी तलाश के लिए टीम भेजी। आसपास के क्षेत्रों में उसकी खोजबीन की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को ही द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को आठ किलो गांजा, 19 लाख रुपए नकद, ब्राउन शुगर और 22 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी साबिर को हथकड़ी लगाकर उसके पास ही बैठाया गया था।

### ग्राम वेदपुरी में पहली बारिश के कारण मक्का, कपास, मिर्च की फसल तबाह

**बड़वानी।** बड़वानी के सिलावद के पास स्थित ग्राम वेदपुरी में पहली बारिश ने किसानों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश से खेतों में खड़ी फसलें बह गईं। मेड़ें टूट गईं और उपजाऊ मिट्टी भी पानी के साथ बह निकली। करीब पंद्रह से तीस दिन पहले बोई गई मक्का, कपास और मिर्च की फसलें पूरी तरह तबाह हो गईं। खेतों में पानी का तेज बहाव इतना अधिक था कि फसलों के साथ-साथ खेतों की मेड़ें और उपजाऊ मिट्टी भी बह गई। ग्रामीण किसान शोभाराम ने बताया कि उन्होंने 15 दिन पहले चार एकड़ खेत में मिर्च की फसल लगाई थी, जो सोमवार को हुई बारिश से पूरी तरह तबाह हो गई। उन्होंने लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाते हुए कहा कि यह फसल कर्ज लेकर लगाई गई थी। उनके आसपास के किसानों को भी मिर्च और कपास की फसलों में नुकसान हुआ है।

### बारिश के मौसम को देखते हुए जर्जर भवनों को गिराने के लिए नोटिस जारी

**बुरहानपुर।** बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बीते 5 दिन से कभी झमाझम तो कभी रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। ऐसे में जर्जर मकानों ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है। शहर में कई जर्जर मकान हादसों को न्योता दे रहे हैं। नगर निगम सीमा क्षेत्र में ने 84 निजी जर्जर मकानों को चिह्नित किया गया है। इन भवनों की हालात खस्ताहाल है। इससे लोगों की जान पर खतरा है। ये मकान कभी भी गिर सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं, उन्हें समय सीमा में मकान गिराने के निर्देश हैं। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने 4 जर्जर भवनों को गिराने की बात कही है। उनका कहना है इनमें से दो मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच विवाद चल रहा है, जिस कारण इन दोनों मकानों को गिराने की कार्रवाई बेहद धीमी है। बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह ने बताया हमारे पास जर्जर भवनों की सूची है। भवन मालिकों को नोटिस दिया जा चुका है, उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाएगी।

### जौलाना में टंट्या मामा की प्रतिमा खंडित कर दी, जिससे आदिवासी समाज में आक्रोश

**धार।** धार जिले के सरदारपुर तहसील के ग्राम जौलाना में सोमवार को क्रांतिकारी टंट्या मामा की प्रतिमा खंडित कर दी गई। इस घटना से आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। समाजजनों ने विधायक प्रताप ग्रेवाल के नेतृत्व में सरदारपुर थाने का घेराव किया और दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में समाज के लोग सरदारपुर थाने पहुंचे। उन्होंने एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर टंट्या मामा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है, जिससे आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज का आरोप है कि यह घटना सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और क्षेत्र में तनाव पैदा करने की मंशा से की गई है। सर्व आदिवासी समाज ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर 24 घंटे के भीतर आरोपियों की पहचान कर एफआईआर दर्ज की जाए।

### महिला की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज होते ही पति समेत तीन फरार

**धार।** दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास और ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। फरियादी रचना पति अंकित सिंह देवड़ा ने सोमवार को महिला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी न होने पर उनके साथ शारीरिक और मानसिक दुर्व्यवहार किया गया। प्रारंभिक जांच के बाद महिला थाना पुलिस ने शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाया। इसके बाद आरोपी अंकित सिंह देवड़ा पिता मोहन सिंह देवड़ा, मोहन सिंह देवड़ा और गुलाब बाई के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत मामला दर्ज किया गया। महिला थाना पुलिस के मुताबिक, मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी अपने निवास से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार तलाश कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया कॉलिंग से चलता था ड्रग्स का नेटवर्क, नशे के सौदागर से पूछताछ में बड़े खुलासे

# साथी की जमानत के लिए जुटा रहा था 19 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में गिरफ्तार नशे के सौदागर चेतन नाथ को अदालत ने 2 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। पूछताछ में पुलिस को ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे की खरीद-फरोख्त के लिए सोशल मीडिया कॉलिंग का इस्तेमाल करता था। पुलिस जब उसका मोबाइल फोन खंगाल रही थी, तब उसमें एक भी कॉन्टैक्ट नंबर नहीं मिला। अब पुलिस उसके फरार साथी और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, जब टीम चेतन नाथ को पकड़ने उसके ठिकाने पर पहुंची थी, तब उसका एक साथी भी वहां मौजूद था। पुलिस को देखकर वह मौके से फरार हो गया। पूछताछ में पता चला है कि दोनों पहले जेल में साथ रह चुके हैं। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश कर रही है। द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्र ने बताया कि पूछताछ में चेतन नाथ ने दावा किया है कि उसके पास से बरामद 19 लाख रुपए वह अपने एक साथी की जमानत के लिए इकट्ठा कर रहा था। हालांकि पुलिस इस दावे की जांच कर रही है। आशंका है कि यह रकम नशे के कारोबार से जुटाई गई थी। नशे का सौदागर चेतन नाथ 2 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर है। नशे के सप्लायर से पुलिस पूछताछ में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस को ये जानकारी मिली है माल लेने और सप्लाई करने के लिए ये सोशल मीडिया के माध्यम से कॉलिंग का इस्तेमाल करते थे। जब पुलिस ने इनका मोबाइल चेक किया तो उसमें कॉंटेक्ट नंबर नहीं मिला। हालांकि पुलिस इस मामले में एक ओर साथी की तलाश कर रही है। पूछताछ में ये बात भी सामने आई है कि वह अपने एक साथी को जेल से बाहर निकालने के लिए पैसा इकट्ठा कर रहा था। पुलिस इसकी जानकारी निकालने में लगी है।




#### एक ओर साथी की तलाश में पुलिस

बताया जा रहा है कि जब पुलिस आरोपी चेतन नाथ को पकड़ने पहुंची तो वहां उसका साथी भी मौजूद था, लेकिन वह पुलिस को देख वहां से भाग निकला। जब पुलिस ने चेतन को पकड़ा तो पता चला कि उसका साथी भी वहीं मौजूद था, जो पुलिस को देखकर भाग गया। अब पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। ये दोनों जेल में साथ में रह चुके है। द्वारकापुरी टीआई मनीष मिश्र ने बताया कि चेतन नाथ से पूछताछ में ये बात सामने आई है कि जो 19 लाख रुपए उसके पास से मिले हैं वह अपने एक साथी की जमानत के लिए इकट्ठा कर रहा था।

#### 19 लाख नकद, ड्रग्स और जिंदा कारतूस बरामद

पुलिस ने चेतन नाथ के कब्जे से 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा और पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इन कारतूसों के स्रोत और इस्तेमाल को लेकर भी आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

#### लकी नाथ की गिरफ्तारी के बाद पहुंची पुलिस

पुलिस ने कुछ दिन पहले लकी नाथ को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने बैक ट्रैकिंग कर चेतन नाथ तक पहुंच बनाई और उसे गिरफ्तार किया। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

नगर निगम का अमला मंगलवार को फिर दल-बल के साथ मैदान में उतरा

## जर्जर मकान का हिस्सा ढहाया, बगीचे की जमीन से हटाया अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम का अमला मंगलवार को फिर दल-बल के साथ मैदान में उतरा। टीम ने शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर रिमूवल की कार्रवाई की। एक कार्रवाई निगम के बगीचे की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए की गई, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक मकान के जर्जर हिस्से को हटाया गया।

नगर निगम का अमला मंगलवार को जोन क्रमांक-16 के छोटा बांगड़दा इलाके में पहुंचा, जहां नगर निगम के बगीचे की जमीन पर कब्जा कर निर्माण किया गया था। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम ने जांच के बाद मंगलवार को कार्रवाई की।

नगर निगम की टीम जेसीबी मशीनों और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को तोड़ दिया। रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि छोटा बांगड़दा इलाके में निगम के उद्यान की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई।



#### एहतियात के तौर पर दुकानें बंद कराई

रिमूवल अधिकारी बिरथरिया ने बताया कि इसके बाद नगर निगम की टीम ने दूसरी कार्रवाई छोटी ग्वालटोली इलाके में की। यहां एक मकान का ऊपरी हिस्सा जर्जर हो गया था। इसके चलते ऊपरी मंजिल पर बने दो कमरे और छज्जे को हटाया गया। हालांकि, यह कार्रवाई मैन्युअल तरीके से की गई। सुरक्षा के मद्देनजर नीचे स्थित दुकानों को पहले ही बंद करा दिया गया था। रिमूवल अधिकारी का कहना है कि दोनों ही स्थानों पर कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि बारिश से पहले नगर निगम की टीमें लगातार जर्जर मकानों और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

सड़क सुरक्षा पर इंदौर में बड़ा एक्शन प्लान

## हेलमेट-सीट बेल्ट नियमों की होगी सख्त निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से इंदौर में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े स्तर पर सख्ती की तैयारी की जा रही है। हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनजागरूकता अभियान तेज किए जाएंगे।

वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी और अधिक प्रभावी होगी। इसके साथ ही शहर और जिले की सड़कों के रखरखाव, गड्ढों की मरम्मत तथा ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों पर विशेष फोकस किया जाएगा। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में जस्टिस सप्रे ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षा के सबसे सरल और प्रभावी उपाय हैं, लेकिन इसके बावजूद आम लोगों में इनका उपयोग अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि केवल चालान काटने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि लोगों को जागरूक कर इसे जनआंदोलन बनाना होगा।

इंदौर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस से अभद्रता

## महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। नशे में वाहन चला रहे ड्राइवर पर कार्रवाई के दौरान कार में सवार महिला ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया और मोबाइल छीनने का प्रयास भी किया। पुलिस ने मामले में महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार 29 जून की रात एसीपी रूबिना मिजवानी और हीरानगर थाना प्रभारी सुनील पटेल चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल नंबर की हुंडई क्रेटा कार वहां पहुंची। पुलिस ने कार रोककर ड्राइवर की जांच की तो वह नशे की हालत में मिला। नशे में वाहन चला रहे ड्राइवर पर कार्रवाई के दौरान कार में सवार महिला ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया और मोबाइल छीनने का प्रयास भी किया। नशे में वाहन चला रहे ड्राइवर पर कार्रवाई के दौरान कार में सवार महिला ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया और मोबाइल छीनने का प्रयास भी किया। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की बात कही। इसी दौरान कार में बैठी महिला सोमाली नायक पुलिसकर्मियों से विवाद करने लगी।



## इंदौर में मीडियाकर्मी पर 7 दिन में दूसरी एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में एक मीडियाकर्मी के खिलाफ सात दिन के भीतर दूसरी एफआईआर दर्ज हुई है। इस बार बाणगंगा थाना पुलिस ने मीडियाकर्मी अनवर खान, उसके भाई, एक महिला साथी और एक अन्य आरोपी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, धमकी देकर रुपए वसूलने और मानसिक प्रताड़ना के आरोप में मामला दर्ज किया है। बाणगंगा थाना प्रभारी (टीआई) सियाराम गुर्जर के अनुसार एमपीईबी के कार्यपालक निदेशक शिवलाल पुत्र दयाराम करबाडिया की शिकायत पर अनवर खान, साधना शक्वातव, सिद्दीकी खान और फारूख सिद्दीकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनका कार्यालय और निवास पोलोग्राउंड क्षेत्र में है।

## 500 करोड़ की जमीन विवाद में कांग्रेस नेता से पूछताछ

**पंकज संघवी-उनके भतीजे प्रतीक को थाने बुलाया, डायमंड पैलेस कॉलोनी की जमीन पर लंबे समय से विवाद**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपए मूल्य की 17 एकड़ जमीन को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने मंगलवार को संयम इंफ्रा से जुड़े कारोबारी और कांग्रेस नेता पंकज संघवी से पूछताछ की। उनके भतीजे और कंपनी के पार्टनर प्रतीक संघवी को भी पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया। संघवी कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा और लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।

करीब एक सप्ताह पहले कनाड़िया क्षेत्र में स्थित 17 एकड़ जमीन को लेकर संयम इंफ्रा कंपनी से जुड़े लोगों और स्थानीय रहवासियों के बीच विवाद हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी विजय सिकरवार और आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद मोहसीन और उसके साथियों ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जबकि सात दिन बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

- **पंकज और प्रतीक संघवी से पूछताछ-** एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच के तहत मंगलवार को पंकज संघवी और उनके भतीजे प्रतीक संघवी को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूछताछ के बाद पंकज संघवी थाने से चले गए, जबकि खबर लिखे जाने तक प्रतीक संघवी से पूछताछ जारी थी।
- **कंपनी के पार्टनर होने के कारण बुलाया-** पुलिस के अनुसार संयम इंफ्रा में पंकज संघवी, प्रतीक संघवी, दीपक और आशीष पार्टनर हैं। कंपनी के दस्तावेजों पर मुख्य रूप से प्रतीक संघवी के हस्ताक्षर होते हैं, इसलिए उन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पूछताछ में यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि विवाद के दौरान मोहसीन और उसके साथी वहां किसके कहने पर पहुंचे थे तथा घटना में शामिल अन्य लोग कौन थे। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पंकज या प्रतीक संघवी के खिलाफ किसी कार्रवाई की पुष्टि नहीं की है।

#### जमीन को लेकर पुराना विवाद

जानकारी के अनुसार डायमंड पैलेस कॉलोनी की यह जमीन संघवी परिवार की बताई जाती है। इस जमीन पर लंबे समय से कथित अवैध कब्जों और निर्माण को लेकर रहवासियों तथा संघवी परिवार के बीच विवाद चल रहा है। मामला अदालत तक भी पहुंच चुका है, लेकिन अब तक इसका अंतिम समाधान नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और विवाद में शामिल सभी पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## आर्मी अफसर बनकर 28 लाख की ठगी करने वाला आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर खुद को आर्मी अफसर बताकर महिला से 28 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस के अनुसार वह यूरोप भागने की तैयारी में था। क्राइम ब्रांच ने उसे दिल्ली से दबोच लिया।



क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र राकेश छोनकर निवासी थोरा ग्राम नोएडा (दिल्ली-एनसीआर) के रूप में हुई है। आरोपी पेशे से रूस के मॉस्को में कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर के पद पर काम करता है और उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर खुद को आर्मी अफसर बताया था। इसी दौरान उसकी पहचान इंदौर की एक महिला से हुई और दोनों के बीच शादी की बात शुरू हुई। पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 में आरोपी ने महिला को गंभीर बीमारी का झांसा देकर इलाज के नाम पर अलग-अलग किस्तों में करीब 28 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे लेने के बाद उसने शादी से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## बिचौली मर्दाना में 4 कक्षाओं के नवीन भवन का लोकार्पण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिचौली मर्दाना में इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल 268 द्वारा राउंड टेबल इंडिया की प्रमुख फ्रीडम थ्रू एजुकेशन परियोजना के अंतर्गत निर्मित 4 नवीन कक्षाओं के भवन का लोकार्पण गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एरिया चेयरमैन उमंग अग्रवाल एवं पुष्पा गोयल रहे। इस अवसर पर एरिया ऑनरेरी अभिनव जैन, राउंड टेबल इंडिया, लेडीज सर्कल इंडिया, 41 क्लब इंडिया, स्क्वेयर लेग क्लब के सदस्य, विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस वर्ष निर्मित 4-कक्षाओं के इस भवन को इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल 268 के सभी सदस्यों की माताओं को समर्पित किया गया।













मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com